संस्थापक : स्व. श्री वीर विक्रम आदित्य

# हिन्द जनपथ

स्थापना वर्ष : 2002

पंचकूला
रविवार
19 अक्टूबर 2025
वर्ष:-24, अंक:-= 116
कुल पृष्ठ:08
मूल्य: एक रुपया

खबरें छापते हैं छुपाते नहीं | दैनिक प्रभात संस्करण हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित। | www.hindjanpath.com




## वोटिंग से पहले बिहार में शुरू हुआ छापों का दौर

- गोपालगंज में घर से 1 करोड़ जब्त, मशीन मंगवानी पड़ी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस और एजेंसियां अलर्ट हैं। गोपालगंज की थावे विधानसभा के कबिलासपुर गांव से पुलिस ने एक घर से 1 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। भोजपुर में चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक की डिक्की से 50 लाख रुपए कैश बरामद किया है। दोनों ही जगहों पर पैसों को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। इधर, पटना में शुक्रवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने ग्रामीण कार्य विभाग के



इंजीनियर संजीव कुमार के ठिकानों पर रेड की। छापेमारी के दौरान साढ़े 7 लाख रुपए कैश और ज्वेलरी मिली है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में ये कार्रवाई की गई। इसमें उनकी संपत्ति आय के स्रोतों से 44 फीसदी अधिक पाई गई है। गोपालगंज में गुप्त सूचना के आधार पर थावे थानाध्यक्ष और टीएम ने कविलाशपुर गांव निवासी संतोष प्रसाद के घर छापेमारी की। बक्सों में रखे करीब 1 करोड़ रुपए नगद बरामद किए गए हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई बैंक पासबुक भी जब्त की हैं। पुलिस के मुताबिक जांच की जा रही है कि इतनी बड़ी रकम कहां से आई और चुनाव से पहले कहां ले जाई जा रही थी। पुलिस मुख्यालय ने भी इस पूरे मामले की निगरानी शुरू कर दी है। घटना थावे थाना क्षेत्र के कबिलासपुर गांव की है। बता दें कि संतोष प्रसाद गैस रिपेयरिंग का काम करता है।

## पंजाब से बिहार जा रही गरीब रथ ट्रेन में लगी आग

- सरहिंद स्टेशन के पास एसी बोगी में हुआ शॉर्ट सर्किट

**लुधियाना (एजेंसी)।** पंजाब के अमृतसर से बिहार के सहरसा जा रही गरीब रथ ट्रेन (12204) में शनिवार सुबह पंजाब के सरहिंद स्टेशन के पास आग लग गई। यह आग 19 नंबर एसी बोगी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इसमें लुधियाना के भी कई व्यापारी सफर कर रहे थे। बोगी नंबर 19 में सवार एक यात्री ने आग लगते ही ट्रेन की चेन खींच दी। इससे ट्रेन रुक गई। इसके बाद बोगी में



सवार यात्री अपना सामान छोड़कर तुरंत नीचे उतरे। अफरातफरी के बीच ट्रेन से उतरने में कई यात्रियों को चोटें आई हैं। एक यात्री को ज्यादा चोट लगी है। कुछ यात्री अपने बच्चों के साथ सफर कर रहे थे। उधर, सूचना मिलते ही रेलवे, फायर बिग्रेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग में बोगी नंबर 19 पूरी तरह चल गया। 18 नंबर बोगी को भी नुकसान पहुंचा है। जली बोगी को अलग करने के बाद ट्रेन को 3 घंटे बाद अंबाला के लिए रवाना किया गया। उधर, रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## देशभर के तांत्रिक उज्जैन पहुंचे श्मशान में करेंगे साधना



### जलती चिताओं के पास 5 दिन तक तंत्र क्रिया, अघोरी तंत्र-मंत्र और टोटकों से होती है लक्ष्मी की प्राप्ति

**उज्जैन (एजेंसी)।** दीवाली के पर्व पर जहां घर-आंगन में महालक्ष्मी की पूजा और सजावट की तैयारियां हो रही हैं, वहीं उज्जैन के चक्रतीर्थ श्मशान में देशभर से आए तांत्रिक और अघोरी मंत्र-यंत्र और टोटकों के जरिए लक्ष्मी प्राप्ति के लिए साधना में जुटे हैं। रातों को जलती चिताओं के पास मंत्रोच्चार, दीपक की झिलमिलाती रोशनी और मदिरा की तेज गंध के बीच विशेष तंत्र क्रियाएं चल रही हैं। यह अनूठी तंत्र साधना 16 अक्टूबर से शुरू हुई है, जो दीवाली की रात 20 अक्टूबर तक चलेगी। देश भर से पहुंचे तांत्रिक पांच दिन तक श्मशान में रहकर साधना कर रहे हैं। रात 12 बजे से शुरू होने वाली ये तंत्र क्रियाएं देर रात तक चलती हैं। स्थानीय तांत्रिक भय्यू महाराज ने बताया कि वे भैरव मंदिर के पास जलती चिता से कुछ दूरी पर रोजाना करीब तीन घंटे तक साधना करते हैं। साधना में नींबू, मिर्च, मदिरा, मावा, फल, सिंदूर, अबीर, दीपक, फूल और कंडों का इस्तेमाल किया जाता है। माना जाता है कि इससे लक्ष्मी माता प्रसन्न होकर साधक को धन और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। भय्यू महाराज बताते हैं कि दीपावली के दौरान साधक अपने-अपने मकसद के अनुसार पूजन करते हैं। कोई भैरव पूजन करता है, कोई काली या लक्ष्मी प्राप्ति साधना। कई तांत्रिक धन प्राप्ति के लिए कुबेर साधना करते हैं। वहीं कुछ साधक उलूक साधना भी करते हैं, जिसमें उल्लू को लक्ष्मी का वाहन मानकर उसकी प्रतीकात्मक पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यता है कि यह साधना अमावस्या की रात में की जाए तो व्यक्ति की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। उज्जैन केवल धार्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि सिद्ध नगरी भी है।

## संविधान की किताब लेकर नाचने वाले नक्सलियों के रक्षक

### मोदी बोले-कांग्रेस माओवादी आतंक छिपाती है



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल समिट को संबोधित किया। उन्होंने कहा- कांग्रेस माओवादी आतंक को छिपाती है। इनके शासन में देश का करीब हर बड़ा राज्य नक्सली हिंसा और माओवादी आतंक की चपेट में था। आगे उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा- मैं बहुत जिम्मेदारी से बोलता हूं, जो माथे पर संविधान लेकर नाचते हैं। वो आज भी माओवादियों की रक्षा में दिन रात लगे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब आतंकी हमलों के बाद चुप नहीं रहता। अब भारत सर्जिकल-एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर करके दुश्मन को जवाब देता है। भारत रुकने के मूड में नहीं है। हम न रुकेंगे, न थमेंगे, 140 करोड़ देशवासी मिलकर तेजी से आगे बढ़ेंगे। भारत में एक समय बदलाव हुआ था। एक इकोसिस्टम इसके गुण गाते रहता है। आज रिफॉर्म कंविक्शन के कारण हो रहे है। आईएमएफ कहता है भारत के रिफॉर्म के बोल्डनेस को देख रहे है। आज दुनिया का 50 फीसदी रियल टाइम डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में ही होता है।

### जहां ज्यादा लोकतांत्रिकरण होगा, वहां उतनी स्पीड आएगी

देश के लोगों से देश को असली ताकत मिलती है। इसका उपयोग तभी सही हो पाता है, जब सरकार का उनके जीवन में न दखल हो न दबाव हो। जहां ज्यादा लोकतांत्रिकरण होगा, वहां उतनी स्पीड आएगी लेकिन दुर्भाग्य से देश में 60 साल सरकार चलाने वाली कांग्रेस ने पॉलिसी के सरकारी करण पर जोर दिया। बीते 11 साल में हमने पॉलिसी के लोकतांत्रिकरण का काम किया है। बैंकिंग में 60 के दशक में इंदिरा गांधी ने बैंक का सरकारीकरण किया। उन्होंने कहा कि देश के आम लोगों तक बैंकिंग सुविधा पहुंचानी है लेकिन कांग्रेस ने बैंक को देश की जनता से दूर कर दिया। गरीब बैंक के गेट तक जाने में डरता था। 2014 में हमारी सरकार बनी तब देश की 50 फीसदी जनता के पास खुद का बैंक खाता नहीं था। 2014 से पहले सरकारीकरण की सोच हावी थी। सरकारी खजाने से सब्सिडी न देने पड़े इसलिए कांग्रेस सरकार रात 8 से सुबह 8 बजे तक पेट्रोल पंप बंद करने पर विचार कर ही थी। आज 24 घंटे बेरोकटोक पंप खुले रहते हैं। कांग्रेस के समय में गैस का एक कनेक्शन पाने के लिए एमपी से लिखवाना पड़ता था।

## देश का पहला खादी गिफ्ट कार्ड शुरू

- डेबिट कार्ड की तरह करेगा काम, छूट भी मिलेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दीवाली पर खादी ग्रामोद्योग आयोग ने देश का पहला खादी इंडिया गिफ्ट कार्ड शुरू किया है। इस प्रीपेड कार्ड में खरीदारी पर छूट भी मिलेगी। 500 रुपये से लेकर अधिकतम 10,000 रुपये की वेल्यू वाले कार्ड पर



किसी प्रकार का लागत आदि कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पब्लिक सेक्टर यूनिट और प्राइवेट कंपनियां अपने कर्मचारियों को गिफ्ट के तौर पर यह कार्ड दे सकती है। बोर्ड के चेयरमैन मनोज कुमार ने बताया कि खादी इंडिया-एसबीआई रूपे प्रीपेड गिफ्ट कार्ड एक आधुनिक डिजिटल भुगतान साधन है, जो डेबिट कार्ड की तरह कार्य करता है। इस कार्ड में पूर्व स्वीकृत राशि पहले से लोड रहती है, जिसका उपयोग केवल खादी उत्पादों की खरीद के लिए किया जा सकता है।

## लेह हिंसा की न्यायिक जांच कराएगा गृह मंत्रालय

### रिटायर्ड जस्टिस बीएस चौहान को सौंपी जिम्मेदारी

### 24 सितंबर को हिंसा में चार लोगों की जान गई थी



**लेह (एजेंसी)।** गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को लेह में 24 सितंबर के हुई हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस बीएस चौहान को निष्पक्ष जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच समिति पुलिस कार्रवाई और चार लोगों की मौत के कारणों का पता लगाएगी। दरअसल, 24 सितंबर को लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच भिड़ंत हुई, जिसमें चार लोग मारे गए और 90 घायल हुए। दो दिन बाद 26 सितंबर को पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया था और जोधपुर जेल भेज दिया गया था। वांगचुक की रिहाई के लिए उनकी पत्नी गीतांजलि अंगमो ने 2 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस चौहान के साथ इस जांच समिति में मोहन सिंह परिहार (रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट जज) और तुषार आनंद शामिल हैं। लद्दाख के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को जांच में पूरी तरह सहयोग देने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कहा कि वह हमेशा बातचीत के लिए तैयार है और लेह एपेक्स बॉडी तथा कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ उच्च स्तरीय समिति के जरिए चर्चा जारी रखेगी। यह जांच 18 अक्टूबर की हिंसा की होगी।

## अब पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन 'ब्रह्मोस' की पहुंच में है

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ से रवाना की मिसाइल की पहली खेप
- रक्षामंत्री ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखी स्वदेशी ताकत

**लखनऊ (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्रोडक्शन यूनिट में ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कभी गुंडा राज और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के लिए जाना जाता था।




लोग डर के साये में जीते थे। निवेशक यहां आने से कतराते थे लेकिन आज का उत्तर प्रदेश हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बदल गया है। जिस तरह से उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था को संभाला है, वह अपने आप में अनुकरणीय है। मंच पर सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राजनाथ सिंह ने कहा कि यह न केवल ब्रह्मोस और हमारे सशस्त्र बलों की शक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी है कि उत्तर प्रदेश किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। मैं इस सुविधा (ब्रह्मोस लखनऊ इकाई) की स्थापना में योगी आदित्यनाथ के पूरे दिल से दिए गए सहयोग की प्रशंसा नहीं कर सकता। मुझे कभी किसी चीज की कमी की चिंता नहीं करनी पड़ी।

## दलित दबेगा नहीं झुकेगा नहीं अब इंकलाब होगा

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का आरजेडी पर बड़ा वार

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का नामांकन समाप्त होने के बावजूद, महागठबंधन (राजद, कांग्रेस, वामदल, वीआईपी और वाम दल) के भीतर सीट-शेयरिंग पर सहमति नहीं बन पाई है, जिससे गठबंधन में दरार गहरी होती दिख रही है। वैशाली और लालगंज सहित कम से कम 9 सीटों पर महागठबंधन के घटक दलों के बीच ही मुकाबला देखने को मिल रहा है। इनमें से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की विधानसभा सीट कुटुंबा (कुटुम्बा) पर सामने आई है। राजेश राम ने एक्स पर ट्वीट किया, दलित दबेगा नहीं- झुकेगा नहीं अब इंकलाब होगा। जय बापू, जय भीम, जय संविधान, जय कांग्रेस।



## पाक पर नया हमला नहीं करेगा अफगानिस्तान

### क्रिकेटर्स की मौत के बाद तालिबान का बयान

**काबुल (एजेंसी)।** शुक्रवार रात पाकिस्तान के एयरस्ट्राइक के बाद भी तालिबान ने कतर की राजधानी दोहा में युद्धविराम को लेकर होने वाली बैठक में शामिल होने का फैसला किया है। तालिबान की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान का हमला करना निंदनीय है, लेकिन क्षेत्रीय शांति के लिए वो पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा। तालिबान के आधिकारिक प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुहाजिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसको लेकर बयान जारी किया है।




आपको बता दें कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में शुक्रवार रात को हमला किया था, जिसमें कम से कम तीन स्थानीय क्रिकेटर्स मारे गये हैं। पाकिस्तान के हमले में कई अफगान नागरिकों की भी मौत हो गई है। जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और शांति की स्थिति और भी संवेदनशील हो गई है। अफगान तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा की है और इसे अफगान क्षेत्र की पवित्रता का उल्लंघन और युद्ध को लंबा खींचने की कोशिश बताया है। तालिबान के प्रवक्ता ने बताया है कि वार्ता दोहा में होगी।

## पंजाब डीआईजी ने 5 जगहों पर छिपाया था गोल्ड-कैश

- सोफे के अंदर और क्रॉकरी की अलमारी से मिला खजाना

### 108 विदेशी शराब की बोतलें मिलीं, जिनकी कीमत लाखों में

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब पुलिस के डीआईजी हरचरन सिंह भुल्लर ने चंडीगढ़ की कोठी में 5 जगह कैश और गोल्ड छुपा रखा था। छापा मारने गई सीबीआई की टीम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि डीआईजी ने बेड के अंदर कैश रखा था। क्रॉकरी की अलमारी में भी निचले हिस्से में कैश भरा हुआ था, जिसे लॉक किया गया था। डीआईजी ने सामान की 2 आलमारियों में सोना छिपाकर रखा



था। कैश और गोल्ड को इस तरह से रखा गया था कि बाहर से देखने पर किसी को शक न हो। डीआईजी भुल्लर की एक महीने की सैलरी करीब 2.64 लाख रुपए बनती थी, लेकिन कैश और गोल्ड बरामदगी से पता चला कि वह लग्जरी लाइफ जी रहे थे। लुधियाना में उनके समराला फार्महाउस से जो शराब की बोतलें मिली हैं, उनमें से कई 50 हजार से ज्यादा कीमत की हैं।

## जेलेंस्की टॉमहॉक मिसाइलें मांगने अमेरिका पहुंचे

### ट्रम्प ने दिखाई बेरुखी, यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सुरक्षा गारंटी मांगी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रूस से लड़ने के लिए टॉमहॉक मिसाइलें मांगी। हालांकि, ट्रम्प ने इसे लेकर हिचकिचाहट जताई। ट्रम्प ने कहा- मैं चाहता हूं कि यूक्रेन को कभी टॉमहॉक की जरूरत ही न पड़े। हालांकि, जेलेंस्की ने टॉमहॉक के बदले में यूक्रेन में बने हजारों ड्रोन देने की डील रखी। इस पर ट्रम्प ने हामी भरी लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी के हथियार देना दोनों देशों के तनाव को और बढ़ाएगा। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लोगों के लिए



एक मजबूत सुरक्षा गारंटी सबसे जरूरी चीज है। उन्होंने कहा कि नाटो की सदस्यता सबसे अच्छी है लेकिन फिलहाल उनके लिए हथियार बहुत जरूरी हैं। इसके अलावा ट्रम्प ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष पर भी बात की। उन्होंने कहा- मैं इस तनाव को आसानी से हल कर सकता हूं। ट्रम्प और जेलेंस्की ने बैठक से पहले मीडिया से बात की। इस दौरान दोनों ने कई सवालों के जवाब दिए। ट्रम्प ने एक बार फिर से कहा कि वह बातचीत करके जंग खत्म करवा सकते हैं।

## धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत जारी आदेशों में आंशिक परिवर्तन

**सोलन।** ज़िला दण्डाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने 18 से 20 अक्तूबर, 2025 तक धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत भारी भीड़ के कारण किसी भी दुर्घटना से बचाव के लिए पूर्व में जारी आदेशों में आंशिक परिवर्तन कर आदेश जारी किए है। इन आदेशों के अनुसार धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक से पुराना बस अड्डा सोलन तक 18 अक्तूबर से 20 अक्तूबर, 2025 तक प्रातः 11.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग एवं आवागमन के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। पूर्व में जारी किए गए आदेशों के सभी प्रावधान यथावत लागू रहेंगे। यह संशोधित आदेश 18 अक्टूबर, 2025 से तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक लागू रहेंगे।

## हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय में सम्पन्न हुई लोक उपक्रम समिति की बैठकें।

**शिमला ।** आज दिनाँक 18 अक्तूबर, 2025 को लोक उपक्रम समिति की बैठकों का आयोजन समिति के सभापति किशोरी लाल की अध्यक्षता में किया गया जिसमें समिति सदस्य विपिन सिंह परमार, विक्रम सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र शौरी, पूर्ण चन्द तथा विवेक शर्मा (विक्कु) ने भाग लिया। इन बैठकों में समिति ने हिमाचल प्रदेश राज्य इलैक्ट्रॉनिक विकास निगम सीमित से सम्बन्धित भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन (वर्ष 2017-18) के ऑडिट पैरा सं0 5.1 की समीक्षा पर आधारित समिति के सप्तम मूल प्रतिवेदन (वर्ष 2023-24) (14वी विधान सभा) में निहित सिफारिशों पर प्राप्त विभागीय उत्तरों की समिति द्वारा समीक्षा तथा हि0प्र0 विद्युत निगम सीमित से सम्बन्धित भारत के नियन्त्रक महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन (वर्ष 2011-12) के ऑडिट पैरा सं0 4.8 पर आधारित समिति के 14वें कार्रवाई प्रतिवेदन (वर्ष 2019-20) (13वीं विधान सभा) व 77वें कार्रवाई प्रतिवेदन (वर्ष 2017-18) (12वीं विधान सभा) में निहित सिफारिशों पर प्राप्त विभागीय उत्तर की समिति द्वारा समीक्षा की गई तथा विचारोंपरान्त सहमति व्यक्त करते हुए इन पर अग्रेतर कार्रवाई विवरण तैयार करने का निर्णय लिया। समिति ने आगामी बैठकें 03 व 04 नवम्बर, 2025 को करने का निर्णय लिया।

## मतदान केन्द्रों की सूची प्रकाशित

**सोलन।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने विकास खण्ड सोलन के प्रकाशित मतदान केन्द्रों में आंशिक संशोधन किया है। यह संशोधन खण्ड विकास अधिकारी सोलन से प्राप्त संशोधित प्रस्तावना के अनुरूप किया गया है। इस संशोधन के अनुसार विकास खण्ड सोलन की ग्राम पचांयत भोजनगर के वार्ड नम्बर 01, तड़ोल के लिए निर्धारित मतदान केन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला भोजनगर को बनाया गया है। पूर्व में यह मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला तड़ोल था। इसी तरह संशोधन के अनुसार विकास खण्ड कण्डाघाट की ग्राम पंचायत हिन्नर के वार्ड नम्बर 04, टकरयाना के लिए निर्धारित मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुरगल को बनाया गया है। पूर्व में यह मतदान केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गौड़ा था।

## विकास खण्ड पट्टा के मतदान केन्द्रों की सूची प्रकाशित

**सोलन ।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने विकास खण्ड पट्टा के प्रकाशित मतदान केन्द्रों में आंशिक संशोधन किया है। यह संशोधन खण्ड विकास अधिकारी पट्टा से प्राप्त संशोधित प्रस्तावना के अनुरूप किया गया है। इस संशोधन के अनुसार विकास खण्ड पट्टा की ग्राम पंचायत भटोलीकलां के वार्ड नम्बर 01, धर्मपुर-1, वार्ड नम्बर 02, धर्मपुर-2, वार्ड नम्बर 03, धर्मपुर-3 तथा वार्ड नम्बर 04, धर्मपुर-4 के लिए निर्धारित मतदान केन्द्र राजकीय उच्च पाठशाला धर्मपुर को मतदान केन्द्र बनाया गया है। पूर्व में यह मतदान केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भटोलीकलां था।

ग्राम पचांयत भटोलीकलां के वार्ड नम्बर 05, भटोली खुर्द के लिए निर्धारित मतदान केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भटोलीकलां को बनाया गया है। पूर्व में यह मतदान केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भटोलीकलां ही था। ग्राम पंचायत भटोलीकलां के वार्ड नम्बर 06, भटोलीकलां-1 तथा वार्ड नम्बर 07, भटोलीकलां-2 के लिए निर्धारित मतदान केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भटोलीकलां को बनाया गया है।

ग्राम पंचायत बुघार कनैता के वार्ड नम्बर 01, बमोत के लिए निर्धारित मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला दुर्गापुर बनाया गया है, पूर्व में यह मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला ठिम्बर था। वार्ड नम्बर 05, ठिम्बर के लिए निर्धारित मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला रामपुर को बनाया गया है, पूर्व में यह मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला ठिम्बर था। ग्राम पंचायत चण्डी के वार्ड नम्बर 03, चण्डी के लिए निर्धारित मतदान केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चण्डी को बनाया गया है। पूर्व में यह मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला चण्डी था।ग्राम पंचायत घड़सी के वार्ड नम्बर 03, घड़सी ब्राहम्णा-1, वार्ड नम्बर 04, घड़सी ब्राहम्णा-2 तथा वार्ड नम्बर 05, घड़सी कनैता के लिए निर्धारित मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला धायला को बनाया गया है। पूर्व में यह मतदान केन्द्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धायला था। ग्राम पंचायत गोयला के वार्ड नम्बर 06, शेरला के लिए निर्धारित मतदान केन्द्र आंगनबाड़ी भवन अम्बोटा को बनाया गया है। पूर्व में यह मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला शेरला था।

# डॉ. शांडिल ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत दिए आवश्यक दिशा-निर्देश





**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के ममलीग में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत ज़िला के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

डॉ. शांडिल ने पुलिस, लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जल शक्ति विभाग, विद्युत बोर्ड सहित अन्य विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान ममलीग और सायरी में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सायरी में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नवनिर्मित भवन तथा वन विश्राम गृह सायरीघाट का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ममलीग में निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के भवन, ग्राम पंचायत ममलीग के कायसु में सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास तथा ग्राम पंचायत ममलीग के गांव बशील में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शुभारम्भ किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व नवनिर्मित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सायरी के भवन, वन विश्राम गृह सायरीघाट तथा प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण भी किया।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनी और इनके शीघ्र निपटारे के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सायरी की प्रधान अंजू राठौर, ग्राम पंचायत काहला की प्रधान रीता ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश ठाकुर व संजीव ठाकुर, सेवानिवृत कर्नल संजय शांडिल, ग्राम पंचायत ममलीग की पूर्व प्रधान सत्या ठाकुर, ग्राम पंचायत सायरी के पूर्व प्रधान राम रत्न, ग्राम पंचायत कनेर के पूर्व प्रधान ओम प्रकाश शर्मा, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, सहायक पुलिस अधीक्षक राज कुमार, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता संजीव सोनी, उपमण्डल अधिकारी कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा, वन मंडलाधिकारी सोलन एच.के. गुप्ता, खंड विकास अधिकारी राजेश ठाकुर, ममलीग के नायब तहसीलदार सुरेंद्र चंदेल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व स्थानीय ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।

## दीवाली, गुरूपर्व, क्रिसमस पर पटाखे चलाने को समय निर्धारितः डीसी

### निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करना होगा जरूरी

**धर्मशाला।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों की अनुपालना करते हुए कांगड़ा जिला के शहरी क्षेत्रों में भी दीपावली, गुरूपर्व, क्रिसमस तथा नववर्ष की पूर्व संध्या पर पटाखे चलाने के लिए समय निर्धारित कर दिया है। इस बाबत जिला दंडाधिकारी हेमराज बैरवा की ओर से आदेश भी पारित किए गए हैं इन आदेशों के अनुसार इन पर्वों पर कम प्रदूषण वाले पटाखे ही चलाने की अनुमति है इसमें दीपावली 20 अक्तूबर को रात आठ बजे से लेकर रात दस बजे तक, गुरूपर्व 05 नवंबर को प्रातः चार बजे से पांच बजे तक तथा रात्रि नौ बजे से लेकर रात्रि दस बजे तक, तथा क्रिसमस 25 दिसंबर को रात्रि 11:55 से लेकर प्रातः 12:30 तक ही पटाखे चलाए जा सकते हैं। इसी तरह से नववर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को रात्रि 11:55 से लेकर प्रातः 12:30 बजे तक की पटाखे चलाए जा सकते हैं।

**पटाखे बेचने के लिए एसडीएम से अनुमति लेना होगा जरूरी** – उन्होंने कहा कि बाजार में, सरकारी कार्यालय परिसरों, हेरिटेज बिल्डिंग तथा आवाज निषिद्ध क्षेत्रों में पटाखों के चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला दंडाधिकारी के आदेशों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में पटाखे बेचने के लिए संबंधित एसडीएम से अनुमति लेना भी अनिवार्य होगा। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में उपमंडलाधिकारियों द्वारा चिह्नित या निर्धारित जगहों पर ही पटाखे बेचे जा सकते हैं। इन आदेशों की अवेहलना करने वाले के खिलाफ संबंधित उपमंडलाधिकारियों को कार्रवाई के लिए प्राधिकृत किया गया है। इसके साथ ही नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पंचायतों को पटाखों से उत्पन्न होने वाले कूड़ा कचरा के वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन के लिए भी उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

**आदेशों के तहत जरूरी हिदायतें** – चिह्नित स्थानों पर पटाखों की दुकानों में बिना किसी रूकावट के आपातकालीन निकासी होना जरूरी है। पटाखों की दुकानों पर सेल्जमैन पटाखों की हैंडलिंग में दक्ष होने चाहिए। मार्केट या भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में पटाखे बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी, चिह्नित स्थानों पर पटाखों की दुकानों की आपसी दूरी कम से कम तीन मीटर होनी चाहिए। पटाखों की दुकानों के आसपास लैंप, मोमबती जलाने तथा स्मोकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## एचपीएनएलयू ने एचपीयूआईएलएस युवा संसद और मॉडल संयुक्त राष्ट्र में ख्याति प्राप्त की




**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचपीएनएलयू), शिमला के छात्रों ने, एचपीएनएलयू शिमला की माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रीती सक्सेना के नेतृत्व में, एचपीयू इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (एचपीयूआईएलएस) द्वारा 16 और 17 अक्टूबर 2025 को आयोजित युवा संसद और मॉडल संयुक्त राष्ट्र में द्वितीय सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल पुरस्कार प्राप्त करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला ने किया और प्रो. (डॉ.) प्रीती सक्सेना, जो मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं, ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उद्घाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में, प्रो. सक्सेना ने ÷भारतीय संविधान के तहत मतदान का अधिकार और चुनाव आयोग की भूमिका÷ और ÷हिमाचल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण÷ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया और उनकी संवैधानिक और समकालीन प्रासंगिकता पर बल दिया।

डॉ. वेद प्रकाश शर्मा, सहायक प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) और समन्वयक, चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) के समग्र समन्वय में प्रतियोगिता में एचपीएनएलयू शिमला का प्रतिनिधित्व 20 छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने किया। इस कार्यक्रम में लोकसभा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, यूएनजीए और हिमाचल प्रदेश विधान सभा (एचपीएलए) जैसी कई समितियों ने भाग लिया, जिसने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर सार्थक और बौद्धिक रूप से समृद्ध चर्चाओं में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान किया। दो दिनों की कठोर बहस और विचार-विमर्श के बाद, एचपीएनएलयू प्रतिनिधिमंडल दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल के रूप में उभरा। इसके अतिरिक्त, श्री कार्तिक शर्मा, श्री पूरब शर्मा, श्री सार्थक सेठ और श्री प्रणव तिवारी को विभिन्न समितियों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्माननीय उल्लेख प्राप्त हुए।

विश्वविद्यालय समुदाय सभी प्रतिभागियों को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन, समर्पण और हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए हार्दिक बधाई देता है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की अपने छात्रों में विश्लेषणात्मक कौशल, नेतृत्व और नागरिक चेतना को पोषित करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो कानूनी शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## अब सभी ट्रेनों में मिलेंगे खोल लगे कंबल, रेलमंत्री के आदेश के बाद एनईआर ने शुरू की तैयारी

**गोरखपुर, एजेंसी।** ट्रेन के वातानुकूलित कोचों में अब खोल लगे कंबल मिलेंगे। इस फैसले के बाद पूर्वोत्तर रेलवे ने भी तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि गोरखपुर से लखनऊ जाने वाली कृषक एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी में 10 महीने से कंबलों पर खोल लगाए जा रहे हैं। लेकिन अब जब सभी ट्रेनों के सभी वातानुकूलित श्रेणियों में खोल की व्यवस्था कर दी गई है तो अधिक यात्री इसका लाभ उठा सकेंगे।



पूर्वोत्तर रेलवे के तीन लांड्री से रोजाना 40 हजार सेट बेडरोल और कंबल का वितरण होता है। इसमें अकेले गोरखपुर से रोजाना 20 हजार के करीब बेड रोल की आपूर्ति की जाती है। रेलमंत्री द्वारा कंबलों पर खोल लगाने के निर्देश के बाद पूर्वोत्तर रेलवे भी एक्शन में आ गया है।

गोरखपुर। दीपावली और छठ पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए रविवार से 31 अक्तूबर तक प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। साथ ही स्टेशनों पर निगरानी एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गोरखपुर स्टेशन पर 2500 वर्गमीटर में 05 होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। यहां लगभग 2000 यात्री बैठ सकेंगे। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह के अनुसार गोरखपुर जंक्शन के सर्कुलेटिंग एरिया में ड्रोन से भीड़ की निगरानी शुरू कर दी गई है।

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। झांसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. झांसी स्टेशन पर ब्लॉक के चलते कुछ ट्रेनें निरस्त तो कुछ डायवर्ट की गई हैं। यह जानकारी सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी है।

निरस्तीकरण : बांद्रा टर्मिनस से 30 नवम्बर, 2025 से 04 जनवरी, 2026 तक चलने वाली 09043 बांद्रा टर्मिनस-बढ़नी साप्ताहिक स्पेशल निरस्त रहेगी।

बढ़नी से 01 दिसम्बर, 2025 से 05 जनवरी, 2026 तक चलने वाली 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल निरस्त रहेगी। हैदराबाद से 28 नवम्बर, 2025 से 02 जनवरी, 2026 तक चलने वाली 07075 हैदराबाद-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 30 नवम्बर, 2025 से 04 जनवरी, 2026 तक चलने वाली 07076 गोरखपुर-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल निरस्त रहेगी। 03529/03530 आसनसोल-गोरखपुर अनारक्षित स्पेशल का संचलन दो फेरों में किया जाएगा। 03529 आसनसोल-गोरखपुर अनारक्षित स्पेशल 22 एवं 24 अक्टूबर को आसनसोल से रात 8.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 10.45 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 03530 गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल 23 एवं 25 अक्टूबर को गोरखपुर से दोपहर 1.45 बजे प्रस्थान कर देर रात 3.50 बजे आसनसोल पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे। यह जानकारी सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी है। चूंकि कंबलों की धुलाई रोज नहीं होती ऐसे में आए दिन इसको लेकर शिकायतें आती रहती हैं। इसी को देखते हुए अब कंबलों पर खोल लगाने का निर्णय लिया है। रेलवे के नियमों के अनुसार, चादर और तकिए का कवर हर यात्रा के बाद धोया जाता है लेकिन कंबल की धुलाई 15 दिन पर होती है।

## पांगी में प्राकृतिक जौ की खरीद शुरू, 59 किसानों से 140 क्विंटल की खरीद

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के अनुरूप राज्य सरकार ने चंबा जिला के पांगी उपमंडल में प्राकृतिक खेती से तैयार जौ की खरीद शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि वर्तमान खरीफ सीजन में अब तक पांगी उपमंडल के 59 किसानों से 140 क्विंटल प्राकृतिक जौ 60 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदी गई है। ग्राम पंचायत हुडान के 11 किसानों से 20 क्विंटल, सुराल के 24 किसानों से 78 क्विंटल, किलाड़ के 7 किसानों से 9 क्विंटल, साच के 7 किसानों से 10 क्विंटल और सेचू पंचायत के 10 किसानों से 23 क्विंटल जौ की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल दिवस समारोह के अवसर पर चंबा जिला के पांगी को राज्य का पहला 'प्राकृतिक खेती उपमंडल' घोषित किया गया था।

प्रवक्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है ताकि लोगों को रसायन-मुक्त अनाज और मसाले उपलब्ध हो सकें। सरकार प्राकृतिक फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देकर किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। इस पहल से किसान प्राकृतिक खेती अपनाने की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी में भी सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नीतियां बना रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान खरीफ सीजन में 1473 किसानों से 2371.71 क्विंटल मक्की खरीदने का अनुमान है, जिसके लिए पूरे प्रदेश में 28 संग्रह केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। कृषि विभाग किसानों से कच्ची हल्दी खरीद रहा है। इसके लिए 1629 किसानों से 2422.65 क्विंटल प्राकृतिक कच्ची हल्दी 12 संग्रह केन्द्रों के माध्यम से खरीदी जाएगी।प्रवक्ता ने कहा कि सरकार प्राकृतिक गेहूं और जौ पर 60 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्की पर 40 रुपये प्रति किलोग्राम और कच्ची हल्दी पर 90 रुपये प्रति किलोग्राम का समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है। यह कदम प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को उचित दाम सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव सामने आया है। किसान प्राकृतिक खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे आमदनी के साथ-साथ जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है।

## मुख्यमंत्री से मिले विधान सभा अध्यक्ष, दीपावली की दी शुभकामनाएँ।



**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने आज अपराह्न 1:00 बजे हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू से हिमाचल प्रदेश सरकार के सचिवालय में स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें हिन्दुओं के पवित्र तथा पौराणिक पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। गौरतलब है कि विदेश यात्रा के बाद विधान सभा अध्यक्ष की मुख्यमंत्री के साथ यह पहली मुलाकात थी।

इस अवसर पर पठानियां ने मुख्यमंत्री को दीपावली की बधाई देते हुए उनके सुखद तथा समृद्ध जीवन की कामना की। पठानियां ने मुख्यमंत्री को अपनी हालिया विदेश यात्रा के दौरान हुए कार्यक्रमों तथा अन्य गतिविधियों की जानकारी भी दी तथा इस यात्रा की देश तथा प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में महतता की जानकारी सांझा की। मुख्यमंत्री ने भी विधान सभा अध्यक्ष को दीपावली की शुभकामनाएँ दी तथा उनकी सकुशलता की कामना की। इससे पूर्व संसदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने भी विधान सभा सचिवालय पहुँचकर विधान सभा अध्यक्ष को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

## राहुल गांधी को राष्ट्रीय आपदा बताने वाले को कांग्रेस ने बिहार में दिया टिकट

### अनुपम का पुराना पोस्ट वायरल

**सुपौल, एजेंसी।** बिहार चुनाव में सुपौल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने अनुपम को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की तरफ से टिकट की घोषणा होने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया साइट पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का आभार व्यक्त किया। लेकिन इसी सोशल मीडिया पेज से अनुपम का एक पुराना पोस्ट भी वायरल हो रहा है, जिसमें वह राहुल गांधी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की वकालत करते नजर आ रहे हैं। हालांकि अब उनकी तरफ से यह पोस्ट डिलीट कर दिया गया है। जून 2023 के इस पोस्ट में अनुपम सवाल पूछते हुए देखे जा रहे हैं, जिसमें वह लिखते हैं, क्यूं न राहुल गांधी को ही राष्ट्रीय आपदा घोषित कर दिया जाए। अनुपम के इस पोस्ट पर अभी तक पार्टी की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अनुपम के सोशल मीडिया हैंडल से अब उस पोस्ट को हटा दिया गया है। आपको बता दें सितंबर 2024 में कांग्रेस में शामिल होने से पहले अनुपम 'युवा हल्ला बोल' नामक आंदोलन के अध्यक्ष थे। वह लगातार बेरोजगारी, युवाओं की समस्याएं, नीट पेपल लीक और पांच अभिशाप जैसे मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं। पिछले साल सितंबर में बकौल अनुपम उन्होंने राहुल गांधी के विचारों से प्रेरित होकर कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि सुपौल सीट पर 2020 के विधानसभा चुनाव में जनता दल यूनाइटेड के ब्रिजेंद्र प्रसाद यादव ने जीत दर्ज की थी। इससे पहले कांग्रेस पार्टी की तरफ से टिकट मिलने के बाद अनुपम ने राहुल गांधी को न्याय योद्धा बताते हुए मौका देने के लिए धन्यवाद दिया था। उन्होंने लिखा, यह सिर्फ एक टिकट भर नहीं है, ये सम्मान हर उस इंसान का है जिसने मुझे अपने गांव घर माटी की सेवा करने लायक बनाया।

## आवश्यक सूचना

ब्पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

**RNI NO: HARHIN/2002/08034, Postal Regd No. HR/AB/54/23-25** , स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक एकान्ति राय गर्ग द्वारा जनपथ पब्लिशर्स, बूथ नं.: 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8, पंचकूला से प्रकाशित। **सम्पादकः- एकान्ति रॉय गर्ग,** मुख्य कार्यालयः बूथ नंः 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8 पंचकूला-134109 (हरियाणा)। फोनः 0112-2569000, । email : hindjanpath@gmail.com, argarg1610@gmail.com ।

# बिहार में एनडीए सरकार ने विकास, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाया : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

- बिहार में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी
- विपक्ष पर साधा निशाना, कहा: पिछली सरकारों ने गरीबों के हितों की अनदेखी की और बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेला





**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बिहार अब विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और जनता का विश्वास एनडीए सरकार में और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में पुनः एनडीए की सशक्त, स्थिर और सुशासित सरकार का गठन होगा, जिससे प्रदेश तीव्र गति से विकास एवं समृद्धि के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। मुख्यमंत्री ने आज बिहार के दौरे पर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बिहार ने विकास की नई दिशा प्राप्त की है। यहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आरजेडीङ्कांग्रेस गठबंधन पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों के हितों की अनदेखी की और बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने झूठे वादों से सत्ता हासिल की और जनता को गुमराह किया।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को ÷जंगलराज÷ से निकालकर विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाया है। आज बिहार में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंची है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपाङ्कजदयू गठबंधन सरकार ने बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार अब नए युग में प्रवेश कर रहा है और जनता का उत्साह इस बात का प्रमाण है। अपने बिहार प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में एकजुट होकर भाजपाङ्कजदयू गठबंधन का समर्थन करें। बिहार पहुंचने पर नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

## मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आयोग को सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी: मुख्यमंत्री

- हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री ललित बत्रा ने शिष्टाचार मुलाकात करते हुए आयोग की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 की प्रति भेंट की है। इस दौरान आयोग के सदस्य श्री कुलदीप जैन और श्री दीप भाटिया भी मौजूद रहे। आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को पुष्पगुच्छ और शॉल भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान हरियाणा मानव अधिकार आयोग द्वारा तेजी से न्याय सुनिश्चित करने के किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आयोग की कार्यप्रणाली, उसकी चुनौतियों एवं आवश्यकताओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार, मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आयोग को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी, ताकि हरियाणा इस क्षेत्र में अग्रणी बना रहे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आयोग द्वारा प्रदेश के अन्य जिलों में प्रवास करने बारे भी जानकारी ली। जिस पर आयोग सदस्यों ने बताया कि प्रयास पूर्वक हर महीने एक जेल का निरीक्षण तथा बच्चों और बुजुर्गों के लिए कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं के निरीक्षण की प्रक्रिया करते है। मुख्यमंत्री ने आयोग के अध्यक्ष से भी महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान नवंबर 2024 में पुनर्गठन के बाद से अब तक की उपलब्धियों और कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। न्यायमूर्ति श्री ललित बत्रा ने बताया कि नवंबर 2024 तक 2,991 मामले लंबित थे, जबकि 15 अक्तूबर 2025 तक 2,551 नए मामले प्राप्त हुए। इस प्रकार आयोग ने कुल 5,542 मामलों की सुनवाई कर 4,638 प्रकरणों का निपटारा किया है। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने नवंबर 2024 में 32, दिसंबर 2025 में 148 और फिर 2025 के जनवरी में 551, फरवरी में 360, मार्च में 691, अप्रैल में 478, मई में 826,जुलाई में 569, अगस्त में 433 और सितम्बर में 460 तथा 15 अक्टूबर 2025 तक 90 केस में अपना निर्णय दिया है। इस तरह 15 अक्टूबर 2025 तक अब केवल 904 केस ही लंबित हैं जिन पर भी सुनवाई जारी है। आयोग के सदस्य ने बताया कि दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 32वें स्थापना दिवस समारोह में भी हरियाणा मानव अधिकार आयोग की सिफारिशों पर हुए महत्वपूर्ण सुधारों की चर्चा की गई। इससे पहले 12 अक्तूबर को हरियाणा के माननीय राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा आयोग की वार्षिक रिपोर्ट का लोकार्पण किया गया था। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले आयोग के प्रतिनिधिमंडल में रजिस्ट्रार श्री रवि कुमार सोंधी तथा प्रोटोकॉल, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. पुनीत अरोड़ा भी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की



**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज बिहार के पटना में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की है। इस दौरान उन्होंने श्री शाह से बिहार चुनाव सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद किया और उन्हें धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित की। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के समक्ष हरियाणा में लगातार तीसरी बार बनी बीजेपी सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों का ब्यौरा भी दिया।

## राज्य में किसानों को धान की 7472 करोड रुपए की अदायगी, 100% लिफ्टिंग हुई

- बाढ़ के बावजूद पंजाब द्वारा 175 लाख मैट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य

**हिन्द जनपथ, चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज विभिन्न विभागों के वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारियों और प्रशासनिक सचिवों को आगामी त्योहारी सीजन के दौरान राज्य में चल रही धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू और निर्बाध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आज यहां अपने निवास पर आई.ए.एस. अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आई बाढ़ से भारी तबाही के बावजूद पंजाब अब भी राष्ट्रीय अनाज भंडार में 175 लाख मीट्रिक टन धान का योगदान देने की स्थिति में है। निर्बाध और कुशल खरीद प्रबंधों की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पंजाब के किसानों की मेहनत और लगन से उपजा एक-एक दाना खरीदा जाए।

भगवंत सिंह मान ने बताया कि पंजाब सरकार ने खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के दौरान धान की खरीद के लिए 1,822 नियमित खरीद केंद्र अधिसूचित किए हैं। ये सभी अधिसूचित मंडियां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, पंजाब द्वारा आवंटित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि शुक्रवार तक राज्य की मंडियों में 38.65 लाख मीट्रिक टन धान की आमद दर्ज की गई, जिसमें से 37.20 लाख मीट्रिक टन धान पहले ही खरीदा जा चुका है। उन्होंने कहा कि खरीद के 72 घंटे के भीतर उठान सुनिश्चित करने संबंधी राज्य सरकार के मानकों का पालन करते हुए 100 प्रतिशत लिफ्टिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि किसानों को खरीदे गए अनाज के लिए कुल 7,472.20 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

धान के एक-एक दाने की खरीद के प्रति राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं पूरी खरीद प्रक्रिया की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार ने राज्य भर में निर्बाध, पारदर्शी और कुशल अनाज खरीद सुनिश्चित करने के लिए अनुकरणीय कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि निम्न स्तर पर सुदृढ़ प्रबंधों के माध्यम से किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## गन्ने की पैदावार बढ़ाने पर दिया जाए अधिक बल : श्याम सिंह राणा

- किसानों को गन्ने की बुआई के लिए नई तकनीक का उपयोग करने के लिए करे जागरूक
- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने गन्ना नियंत्रण बोर्ड की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गन्ने की पैदावार को बढ़ाने पर अधिक बल देने के साथ-साथ किसानों को गन्ने की बुआई के लिए नई तकनीक का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाए। साथ ही सहकारी चीनी मिलों को आधुनिक मशीनों से लैस कर, उनकी रिकवरी बढ़ाने व घाटे को कम किया जाए। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने यह निर्देश आज यहां गन्ना नियंत्रण बोर्ड की बैठक में अधिकारियों दिए। इस दौरान हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुडे।

**केन्द्रीय किस्म विमोचन समिति द्वारा गन्ने की रिलीज किस्मों के लिए अलग से नहीं लेनी होगी मान्यता-** उन्होंने कहा कि केन्द्रीय किस्म विमोचन समिति द्वारा उतर-पश्चिम क्षेत्र के लिए गन्ने के बीज की जो किस्में रिलीज की जाएगी, वह किस्में राज्य सरकार द्वारा भी मान्य होगी। इन किस्मों के लिए अलग से एचएयू से मान्यता लेने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को गन्ना के नए किस्मों के बीज के बारे में जानकारी दी जाए, ताकि गन्ने की पैदावार अधिक निकले और किसानों को अधिक लाभ मिले। जिससे मिलों की वर्तमान गन्ना किस्मों की तुलना में गन्ना व चीनी उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

**राज्य की सहकारी चीनी मिलों द्वारा पिराई सीज़न 2024-25 का पूरा किया गया भुगतान –** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि पिराई सीज़न 2024-25 के दौरान राज्य की विभिन्न सहकारी चीनी मिलों द्वारा कुल 1278.50 करोड़ रुपये मूल्य का गन्ना पिराई हेतू खरीदा गया था, जिसका पूरा भुगतान सहकारी चीनी मिलों द्वारा किसानों को कर दिया गया है। इसके अलावा, निजी क्षेत्र की नारायणगढ़ चीनी मिल का पिछले पिराई सत्र की किसानों की बकाया राशि है, जो दिसम्बर, 2025 तक दे दी जाएगी। श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गन्नें की बुआई और कटाई के लिए नई तकनीक की मशीनों के उपयोग को बढ़ाने के लिए गन्ना किसानों को अधिक जागरूक किया जाए। ताकि किसानों का खर्चा कम और लाभ अधिक मिले। इस अवसर पर बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज अग्रवाल, कृषि विभाग के निदेशक राजनारायण कौशिक, हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल प्रसंघ के प्रबंध निदेशक श्री शक्ति सिंह, हरियाणा सहकारी समितियां के रजिस्ट्रार श्री महेंद्र पाल, गन्ना सलाहकार डॉ रोशन लाल, गन्ना प्रजनन केंद्र, करनाल व एचएयू के वैज्ञानिक सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में दो महीने, 31 दिसंबर तक शहर और गांवों में आयोजित होंगे अलग-अलग कार्यक्रम : केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

### युवाओं में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन पर होंगे कार्यक्रम

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष में 2 महीने तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इसके उपरांत 31 दिसंबर तक राष्ट्रीय एकता से जुड़े अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी शनिवार को करनाल कर्णकमल कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 25, 26 और 27 अक्तूबर को गांवों और शहरों में पदयात्रा निकाली जाएगी। इस 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोग व युवा शामिल होंगे, जो राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर रन फॉर यूनिटी आयोजित किया जाएगा। इसके उपरांत 2 महीने यानी 31 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें सेमिनार, प्रदर्शनी, साहित्य वितरित किए जाएंगे। इससे युवाओं में राष्ट्रीय एकता का संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के लिए माई भारत पोर्टल पर युवाओं का रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश में अनेकों अभियान चलाए, जो सफल रहे। इन अभियानों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, स्वच्छता अभियान जैसे अभियान शामिल हैं। अब राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए इस अभियान की शुरुआत हो रही है।

**देश व प्रदेशवासियों को दी त्योहारों की शुभकामनाएं –** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज व अन्य त्योहारों की हार्दिक बधाई दी।

**सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर दी शुभकामनाएं –** केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, मंत्रियों व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी।

## जनवरी 2025 से अब तक 2408 विद्यार्थियों ने पंजाब विधानसभा का किया दौरा: श्री कुलतार सिंह संधवां

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** राज्य के विद्यार्थियों को विधानसभा के कार्यप्रणाली से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से, पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब के विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया। श्री संधवां ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से अब तक विधानसभा की वास्तविक कार्यवाही देखने के लिए सत्र के दौरान 1237 विद्यार्थियों ने और गैर-सत्र दिनों में 1171 विद्यार्थियों ने दौरा किया।

स्पीकर ने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और कहा कि उनके लिए पंजाब विधानसभा सचिवालय में विद्यार्थियों से बातचीत करना अत्यंत हर्ष का विषय है। श्री संधवां ने कहा कि पंजाब विधानसभा की संवैधानिक कार्यवाही को देखकर विद्यार्थियों में राजनीति के क्षेत्र के प्रति रुचि उत्पन्न हुई है, जो देश के लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके भविष्य के जीवन में बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। विद्यार्थियों ने पंजाब विधानसभा भवन के शानदार डिज़ाइन और वास्तुकला को देखकर आश्चर्य और खुशी व्यक्त की।

## हरियाणा को 'वॉटर स्मार्ट स्टेट' बनाने की दिशा में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा की पहल

### अब वक्त है कि हम विभागीय कार्यप्रणाली को स्मार्ट, सस्टेनेबल और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन बनाएं : मंत्री रणबीर गंगवा

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि अब वक्त है कि हम विभागीय कार्यप्रणाली को स्मार्ट, सस्टेनेबल और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन बनाएं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 2-दिवसीय विशेष कार्यशाला 23 और 24 अक्तूबर को पंचकूला में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता, एसडीओ और जेई मौजूद रहेंगे। इसका उद्देश्य है तकनीकी दक्षता बढ़ाना, जल गुणवत्ता में सुधार और परियोजना निष्पादन को तेज़ व पारदर्शी बनाना। इस दौरान देशभर के विशेषज्ञ वक्ता भी आधुनिक जल प्रबंधन, सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन पर अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यशाला का उद्घाटन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा इंजीनियर इन चीफ द्वारा किया जाएगा। समापन सत्र में कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा स्वयं अभियंताओं को संबोधित करेंगे।

**हरियाणा अब जल योजनाओं का नहीं, जल-संवेदनशील सिस्टम का राज्य बनेगा –** मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि विभाग का विज़न अब हर घर तक बेहतर, स्वच्छ और सत्त पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ कुशल प्रबंधन और आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर केंद्रित है। अगर हमें हरियाणा को 'वॉटर स्मार्ट स्टेट' बनाना है, तो हमारे इंजीनियर्स को 'स्मार्ट थिंकिंग' और 'इनोवेटिव वर्किंग' की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। श्री गंगवा ने कहा कि यह कार्यशाला विभाग में नई ऊर्जा और सोच का संचार करेगी। जिससे हरियाणा में जल आपूर्ति और स्वच्छता सेवाओं की गुणवत्ता में क्रांतिकारी सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है हर बूंद का सही उपयोग, हर योजना की समयबद्ध पूर्ति, और हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाना।

**कार्यशाला के प्रमुख विषय और उद्देश्य –** कार्यशाला में 4-5 तकनीकी और इंटरैक्टिव सत्र होंगे। इसके तहत नवीन तकनीकों और आधुनिक विधियों का प्रसार करने के लिए विशेष रूप से जल आपूर्ति, सीवरेज एवं बाढ़ नियंत्रण प्रबंधन पर चर्चा होगी।

## पंजाब 'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना के तहत 1 लाख रुपये का तिमाही बंपर इनाम शुरू करेगा: हरपाल सिंह चीमा

### तिमाही बंपर ड्रा में दूसरा इनाम 50,000 रुपये और तीसरा इनाम 25,000 रुपये का होगा

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** कर अनुपालन में पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में, पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां राज्य की लोकप्रिय ÷बिल लाओ इनाम पाओ÷ योजना में बड़े विस्तार की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब इस योजना में एक तिमाही बंपर ड्रा जोड़ा जाएगा, जिसके माध्यम से जनता को बड़े नकद इनाम दिए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग ले सकें। यह जानकारी साझा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि हर तिमाही में योजना में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 1,00,000 रुपये का पहला इनाम, 50,000 रुपये का दूसरा इनाम और 25,000 रुपये का तीसरा इनाम जीतने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि कर अनुपालन को और सरल बनाने के लिए ÷मेरा बिल÷ ऐप में सेवा क्षेत्र जैसे रेस्तरां, सैलून और बुटीक , से संबंधित बिल अपलोड करने और इनाम वितरण की एक समर्पित प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।



वित्त मंत्री ने बताया, ÷इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं की पूछताछ का तत्काल समाधान देने के लिए एक रीयल-टाइम चैटबॉट भी लॉन्च किया जाएगा, और अब ऐप अंग्रेज़ी के साथ-साथ पंजाबी और हिंदी भाषाओं में भी उपलब्ध होगा, ताकि आम नागरिकों के लिए इसकी पहुंच को व्यापक बनाया जा सके।÷

÷बिल लाओ इनाम पाओ÷ योजना की सफलता को रेखांकित करते हुए, वित्त मंत्री चीमा ने बताया कि अप्रैल से अगस्त 2025 के बीच कुल 30,769 बिल अपलोड किए गए, जिनमें से 1,263 विजेताओं ने कुल 78,13,715 रुपये की इनामी राशि जीती। उन्होंने कहा कि अपलोड किए गए सभी बिलों की कर विभाग द्वारा सख्ती से जांच की जाती है, और अब तक योजना की शुरुआत से कुल 9.07 करोड़ रुपये के जुर्माने लगाए गए हैं, जिनमें से 7.31 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा सितंबर 2023 में शुरू की गई ÷बिल लाओ इनाम पाओ÷ योजना और इससे संबंधित ÷मेरा बिल÷ ऐप का उद्देश्य जिम्मेदार उपभोक्ताओं और कर अनुपालन की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। इस योजना में कच्चा तेल, पेट्रोल, डीज़ल, विमानन ईंधन, प्राकृतिक गैस, शराब, राज्य से बाहर की खरीदारी तथा बिज़नेस-टू-बिज़नेस लेन-देन से जुड़े बिल शामिल नहीं किए जाते। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए केवल पिछले महीने के दौरान किए गए लेन-देन के बिल ही ड्रा के लिए पात्र होते हैं।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने नवाचार, पारदर्शिता और सहभागितापूर्ण शासन के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पंजाबवासियों से इस योजना में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

## दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता के हित में पंजाब सरकार का बड़ा कदम

### नेत्रहीनों और अन्य दिव्यांग व्यक्तियों की मुफ्त यात्रा के लिए 85 लाख रुपए जारी : डॉ. बलजीत कौर

**हिन्द जनपथ,चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार ने नेत्रहीन एवं अन्य दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता के लिए लगभग 84.26 लाख रुपए की राशि जारी की है। यह राशि विशेष रूप से दिव्यांग नागरिकों को परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए निर्धारित बजट के तहत जारी की गई है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार की ओर से नेत्रहीन व्यक्तियों को सरकारी बसों में 100 प्रतिशत किराए की छूट दी गई है, जबकि अन्य दिव्यांग वर्गों के लिए 50 प्रतिशत किराए की छूट उपलब्ध है। यह सुविधा उन व्यक्तियों के लिए है जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि वित्त वर्ष 2025ङ्क26 के लिए इस योजना के अंतर्गत कुल 3 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है, जिसमें से 2 करोड़ 61 लाख रुपए की राशि पहले ही खर्च की जा चुकी है। अब सरकार ने 84.26 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की है, ताकि योग्य लाभार्थियों को यह सुविधा निरंतर मिलती रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को सुखद, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वचनबद्ध है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक को समान अवसर प्राप्त हों, ताकि कोई भी व्यक्ति सामाजिक रूप से पीछे न रह जाए। डॉ. बलजीत कौर ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा परिवहन सुविधाओं के अतिरिक्त, दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ मुख्यधारा से जुड़ सकें और सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें।

## संपादकीय

### लंबे युद्ध के बाद शांति की राह पर लौटे इजरायल और हमास

इजराइल और हमास के बीच दो वर्षों से चल रहे युद्ध पर फिलहाल विराम लग गया है। दोनों पक्ष शांति की राह पर लौट आए हैं। अमेरिका की ओर से तैयार की गई समझौता योजना के प्रथम चरण में हमास ने बीस बंधकों को रिहा कर दिया है और बदले में इजराइल ने उन्नीस सौ से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इसके साथ ही अब तक बारूदी आग की तपिश झेल रहे गाजा के नागरिकों ने भी राहत की सांस ली है। भारत और ब्रिटेन सहित कई देशों ने अमेरिका की इस पहल का स्वागत किया है।वैश्विक नेताओं को उम्मीद है कि शांति समझौता अपने अंजाम तक पहुंच जाएगा, लेकिन इस प्रक्रिया में अभी कई अड़चनें साफ नजर आ रही हैं। हमास के निरस्त्रीकरण, गाजा के शासन और फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देने जैसे जटिल मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। ऐसे में इस पूरी कवायद को फिलहाल सिर्फ युद्ध रोकने के अस्थायी उपाय के तौर पर भी देखा जा रहा है।शांति समझौते के अगले चरण कितने सफल रहेंगे, यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि प्रस्ताव में रखी गई अन्य शर्तों पर हमास किस तरह का रुख अपनाता है। क्या हमास गाजा का नियंत्रण किसी बाहरी ताकत के हाथों में सौंपने के लिए राजी होगा? जैसा कि शांति प्रस्ताव में कहा गया है। दूसरी तरफ गाजा से अपनी सेना पूरी तरह हटाने को लेकर इजराइल की ओर से भी अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई हामी नहीं भरी गई है। इस स्थिति में शांति समझौते के सिरे चढ़ने को लेकर अभी निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। हालांकि, वैश्विक नेताओं का मानना है कि समझौते को लागू करने की शुरूआत अच्छी हुई और यह सकारात्मक दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगी। समाप्त कर दिया है और इसने पश्चिम एशिया में स्थायी शांति के द्वार खोल दिए हैं।

**लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद सहयोगी दलों के समर्थन के बल पर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री तो बन गए लेकिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार विपक्षी गठबंधन को इतनी ज्यादा सीटें दिलाने का श्रेय लेकर कांग्रेस ने राहुल गांधी को सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित करने का प्रयास किया। 2024 के लोकसभा चुनाव में सहयोगी दलों की मदद से कांग्रेस पार्टी ने बीजेपी को कड़ी टक्कर दी। तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लड़ने के लिए राहुल गांधी ने उस यूपीए के नाम को भी त्याग दिया जिसके बैनर तले कांग्रेस ने वर्ष 2004 से 2014 तक देश में राज किया था। लोकसभा चुनाव से पहले यूपीए की जगह पर राहुल गांधी ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर एक नया मोर्चा बनाया जिसे इंडिया गठबंधन का नाम दिया गया।**

# महाराष्ट्र और जम्मू कश्मीर के बाद बिहार- राहुल गांधी इंडिया गठबंधन को संभाल क्यों नहीं पा रहे हैं?

**(संतोष कुमार पाठक)**

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद सहयोगी दलों के समर्थन के बल पर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री तो बन गए लेकिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार विपक्षी गठबंधन को इतनी ज्यादा सीटें दिलाने का श्रेय लेकर कांग्रेस ने राहुल गांधी को सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित करने का प्रयास किया। कुछ हद तक कांग्रेस को अपने इस अभियान में कामयाबी मिलती भी दिखाई दी। वोट चोरी का अभियान चला कर और बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाल कर राहुल गांधी अपने आपको विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेता के तौर पर स्थापित करने में थोड़े बहुत कामयाब होते भी दिखाई दिए।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव से लेकर तमिलनाडु के वर्तमान मुख्यमंत्री एवं डीएमके सुप्रीमो स्टालिन तक से उनके व्यक्तिगत संबंध मजबूत होते नजर आए। जम्मू कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव जीतने में राहुल गांधी और नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला की व्यक्तिगत केमिस्ट्री का जबरदस्त योगदान माना जाता है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने तो खुलकर राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार तक बता दिया।



लेकिन इन सबके बावजूद अचानक देश की राजनीति तेजी से बदलती हुई नजर आने लगी है। जम्मू कश्मीर में राज्यसभा सीट और विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस आमने-सामने आ गए है। जम्मू कश्मीर से राज्यसभा सांसदों के लिए होने वाले चुनाव में उमर अब्दुल्ला की पार्टी ने तीनों सेफ सीट पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं और कांग्रेस को जो चौथी सीट ऑफर की है, उसे जीतना बहुत मुश्किल है। कांग्रेस पहले से ही इसे लेकर अपने सहयोगी दल से नाराज चल रही है वहीं अब विधानसभा की जिन 2 सीटों पर उपचुनाव होना है, उसे लेकर भी मामला फंसता हुआ ही नजर आ रहा है। राज्य में विधानसभा की 2 सीटों- बडगाम और नगरोटा में 11 नवंबर को चुनाव होना है। जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा ने उमर अब्दुल्ला की पार्टी पर गठबंधन के सिद्धांतों का अनादर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह राज्यसभा की एक सेफ सीट देने के अपने वादे से मुकर गई। कांग्रेस ने गठबंधन धर्म की याद दिलाते हुए सख्त शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि या तो नेशनल कांफ्रेंस उन्हें विधानसभा की एक सीट दे या फिर कांग्रेस दोनों ही सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार देगी।

महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव के समय से ही शुरू हुई खटास कम होने का नाम नहीं ले रही है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मोदी सरकार द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर और दुनिया भर में भेजे गए सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर एनसीपी और कांग्रेस के सुर अलग-अलग तो नजर आए ही। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के जेल जाने के बाद इस्तीफे की बाध्यता वाले बिल पर गठित की जाने वाली जेपीसी में शामिल नहीं होने को लेकर भी कांग्रेस इंडिया गठबंधन में शामिल सहयोगी दलों को अपने साथ ला पाने में नाकामयाब होती नजर आ रही है। वहीं बिहार का मामला तो राहुल गांधी के नेतृत्व की स्वीकार्यता को लेकर सबसे बड़ा झटका साबित होता हुआ नजर आ रहा है। एक तरफ आरजेडी है जिसके नेता तेजस्वी यादव ने खुल कर राहुल गांधी की प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का समर्थन कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी है जो लगातार पूछे जाने के बावजूद भी तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं कर रहे हैं। जबकि राजनीतिक सच्चाई तो यही है कि बिहार में विपक्षी गठबंधन में आरजेडी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। कांग्रेस और आरजेडी में सीटों के बंटवारे को लेकर भी घमासान मचा हुआ है। सहयोगी दलों के साथ कांग्रेस की यह खींचतान और महत्वपूर्ण मौकों पर राहुल गांधी की गैरमौजूदगी उनके नेतृत्व पर ही सवालिया निशान लगाती नजर आती है। पता नहीं राहुल गांधी इस तथ्य को समझ पा रहे हैं या नहीं और इससे भी बड़ा सवाल यह कि आखिर राहुल गांधी को इस तरह की सलाह कौन देता है कि उन्हें दिल्ली में होने के बावजूद तेजस्वी यादव से मुलाकात नहीं करनी चाहिए। केसी वेणुगोपाल और तेजस्वी यादव की जगह पर अगर राहुल सीधे तेजस्वी के साथ बैठकर बात करते तो शायद मामला इतना उलझता नहीं।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# भ्रष्ट व्यवस्था से कब तक होती रहेंगी निर्दोषों की मौत

**(योगेंद्र योगी)**

तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की लैब जांच में कोल्ड्रिफ सिरप में 46.2 प्रतिशत डायएथिलीन ग्लाइकॉल की पुष्टि हुई। यह जहरीला केमिकल किडनी फेलियर का कारण बनता है। वहीं, नेक्स्ट्रो-डीएस और मेफटॉल पी सिरप की रिपोर्ट सुरक्षित आई।

राजनीतिक दलों और सरकारों की निगाहों में देश में आम लोगों के जीवन की कोई कीमत नहीं रह गई है। इसका नया प्रमाण मध्यप्रदेश और राजस्थान में दूषित खांसी की सीरिप से होने वाली मौतें हैं। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में मिलावटी सीरिप पीने से 11 और राजस्थान में तीन बच्चो की मौत हो गई। यह पहली बार नहीं है जब देश में स्वास्थ्य सेवाओं से खिलवाड़ का मामला सामने आया है। इससे पहले भी विदेश में निर्यात की जाने वाली खांसी की सीरिप से मौतों के मामले सामने आ चुके हैं। उस वक्त यदि देश के औषिधी विभाग ने सख्त कदम उठाए होते तो जहरीली सीरप पीने से बच्चों की होने वाली मौतों को रोका जा सकता था।

आश्चर्य की बात यह कि राजस्थान और मध्यप्रदेश की सरकारें मानने से ही इंकार करती रही कि बच्चों की मौतें विषाक्त सीरप पीने से हुई है, जब मृतकों की संख्या बढ़ने लगी तब कहीं जाकर सरकार में बेमन से इस हादसे को स्वीकार किया। छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत के बाद प्रशासन ने डॉक्टर प्रवीण सोनी को गिरफ्तार किया गया। कंपनी और डॉक्टर पर मामला दर्ज कर सरकार ने सिरप व श्रेसन फार्मा की सभी दवाओं पर प्रतिबंध लगाया। इसके बावजूद राजस्थान की सरकार नहीं चेती। राजस्थान में भाजपा सरकार बच्चों की मौतों के मामलों में लीपपोती ही करती नजर आई।

तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की लैब जांच में कोल्ड्रिफ सिरप में 46.2 प्रतिशत डायएथिलीन ग्लाइकॉल की पुष्टि हुई। यह जहरीला केमिकल किडनी फेलियर का कारण बनता है। वहीं, नेक्स्ट्रो-डीएस और मेफटॉल पी सिरप की रिपोर्ट सुरक्षित आई। केंद्र सरकार ने बच्चों को कफ सिरप देने में सावधानी बरतने की सलाह दी है। इस मामले की गहराई से जांच करने के लिए केंद्र और राज्य की एजेंसियों ने मिलकर एक बड़ी पड़ताल की। जांचकर्ताओं ने पुष्टि की है कि जिन कफ सिरप पर संदेह था, उनमें कोई भी जहरीला रसायन नहीं मिला है। जांच अभी पूरी नहीं हुई है और अन्य संभावित कारणों की पड़ताल जारी है।

यह पहला मामला नहीं जब कफ सीरप से मौतों को लेकर बवाल मचा है। साल 2022-23 में गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में भी भारतीय कफ सिरप्स से बच्चों की मौत हुई थी। गाम्बिया में 70 बच्चों की मौत हो गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इन मौतों को सिरप से जोड़ते हुए कहा था कि दवाओं में विषाक्त पदार्थों का स्तर अस्वीकार्य पाया गया है। इसका मेडेन फार्मास्युटिकल्स और भारत सरकार दोनों ने इसका खंडन किया था। भारत ने कहा था कि घरेलू स्तर पर परीक्षण के दौरान सिरप गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाए गए।

उज़्बेकिस्तान सरकार ने दिसंबर 2022 में 65 बच्चों की जान लेने वाले दूषित कफ सिरप वितरित करने वाली कंपनी पर देश के अनिवार्य गुणवत्ता परीक्षण से बचने के लिए स्थानीय अधिकारियों को 33,000 डॉलर की रिश्वत देने का आरोप लगाया था। कंपनी ने आरोपों से इनकार किया था। इसी तरह दिसंबर 2022 में नेपाल ने 16 भारतीय दवा कंपनियों को काली सूची में डाल दिया। काली सूची में डाली गई 16 कंपनियाँ इन दावों का कोई जवाब नहीं दिया है। वर्ष 2013 में रैनबैक्सी ने एक अमेरिकी अदालत में आपराधिक अपराध के सात मामलों में दोषी ठहराया और 50 करोड़ डॉलर (44.5 करोड़ पाउंड) का जुर्माना भरने पर सहमति जताई, तब भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने दावा किया था कि निहित स्वार्थ भारत में विनिर्माण गुणवत्ता को लेकर छिटपुट मुद्दे उठा रहे हैं।

भारतीय दवा निर्यात की गुणवत्ता के बारे में शिकायत करने वाले केवल अमेरिकी और यूरोपीय देश ही नहीं थे। 2014 में, वियतनाम ने 45 भारतीय दवा कंपनियों को काली सूची में डाल दिया और उसके बाद 2016 में 39 और कंपनियों को काली सूची में डाल दिया। श्रीलंका, घाना, नाइजीरिया और मोज़ाम्बिक ने भारतीय दवा निर्यात की गुणवत्ता के बारे में शिकायत की थी। इन मामलों में केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया थी कि प्रतिस्पर्धी भारतीय कंपनियों को बदनाम करने की विदेशी दवा कंपनियों की साज़िश के रूप में चित्रित करने की रही है। हमारे देश में भारतीय सरकारी प्रयोगशालाओं में दवाओं के गुणवत्ता परीक्षण में विफल होने के हज़ारों मामले सामने आए हैं। यह आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज है। भारत सरकार द्वारा संचालित एक डेटाबेस में 8,000 से ज़्यादा ऐसी दवाइयाँ सूचीबद्ध हैं जो गुणवत्ता परीक्षणों में विफल रहीं।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्यातक है, जो विकासशील देशों की अधिकांश चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करता है। लेकिन यह आरोप कि इसकी दवाओं ने गाम्बिया जैसी त्रासदी पैदा की है और उज़्बेकिस्तान तथा अमेरिका जैसे अन्य देशों में भी विनिर्माण पद्धतियों और गुणवत्ता मानकों पर सवाल खड़े किए गए। तब भारत ने कंपनियों के लिए निर्यात से पहले कफ सिरप के नमूनों की सरकारी अनुमोदित प्रयोगशालाओं में जाँच अनिवार्य करने जैसे कदम उठाए थे। मार्च 2023 में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में भारत ने 25.4 अरब डॉलर (20 अरब) मूल्य की दवाइयाँ निर्यात कीं। इनमें से 3.6 अरब डॉलर अफ्रीकी देशों को निर्यात की गईं।

सवाल यही है कि आखिर राजनीतिक दल और सरकारें कब तक यूं ही लोगों को भ्रष्ट व्यवस्था का शिकार बनते हुए देखती रहेंगी। किसी एक घटना के स्मृति से विलुप्त होने के बाद ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति आखिर कब थमेगी। देश में इतने कानून होने के बावजूद ऐसी घटनाएं कैसे होती हैं। राजनीतिक दलों को निहित स्वार्थों से हट कर इस पर सोचने की जरूरत है कि आम लोगों के जीवन को कब तक इस तरह लालफीताशाही और भ्रष्टाचार के हवाले कर दाव पर लगाया जाता रहेगा।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## वर्ग पहेली 5887

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | |
| | ■ | 10 | 11 | | ■ | 12 | |
| | ■ | 13 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 14 | ■ | | ■ | 15 | | 16 |
| 17 | | 18 | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | ■ | 21 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 22 | | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस मध्यप्रदेश का 49 वां जिला बनाया गया था (6)
7. श्रमादि करके धर अर्जित करना (3)
8. ऊपर तक छलकता हुआ (4)
10. कोई उड़ती खबर, मंद ध्वनि (3)
12. मां की बहन, मौसी (3)
13. जीभ, जबान, करधनी (3)
15. पूरित, गुणा किया हुआ (3)
17. नाना का पिता यह कहलाता है (4)
19. चित्रकला में लता की आकृति का अंक, लता, बेल (3)
20. आक्रमण, धावा, वार करने की क्रिया (3)
21. अपराधी या गुनहगार को दिया गया दंड, दंडादेश (2)
22. चरित्र, आचार व्यवहार (4)

**ऊपर से नीचे**

1. इस यशस्वी मुगल सम्राट ने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया था (4)
2. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित पेरू की यह राजधानी है (2)
3. बहुत कम मात्रा में अत्यल्पत (4)
4. रोमांचित होना, प्रसन्न होना, हर्ष (4)
5. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी)(2)
6. जुकाम की एक दशा (उर्दू)(3)
9. गणित की भाषा में इसे ज्यामिती कहते है (5)
11. सहन न करना, गवारा न करना (4)
14. अत्यधिक, अंतिम, पराकाष्ठात्मक (3)
15. इस प्रसिद्ध भारतीय गीतकार पटकथा लेखक, फिल्म निदेशक का मूल नाम संपूर्ण सिंह कालरा है (4)
16. भव सागर से पार उतरना (3)
17. किसी भी कार्य का अपनी ओर से किया गया आरंभ (3)
18. गंदा जल बहाने हेतु बनाया गया कृत्रिम जलमार्ग (3)
21. हकीकत, यथार्थ, सत्य, वास्तविक (2)

### वर्ग पहेली 5886 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रो | ग्रा | म | ■ | नं | दा | दे | वी |
| से | ह | त | मं | द | ■ | व | र |
| स | क | ल | ■ | ■ | द | र | ■ |
| ■ | ■ | बी | र | ब | ल | ■ | ■ |
| दां | ते | ■ | का | ल | ना | थ | ■ |
| त | ह | जी | ब | ■ | ■ | ल | ता |
| ■ | रा | न | ■ | य | ■ | प | ल |
| आ | न | ■ | र | ति | प | ति | ■ |

# मुंबई में पहली बार गहरी सुरंग से सफ़र का रोमांच

**(गुलजार हुसैन)**

वर्षों से मुंबई की लोकल ट्रेन की भीड़ में धक्के खाते हुए सीएसएमटी और इसके आसपास के अपने ऑफिस तक पहुंचने वाले लोगों के लिए 9 अक्टूबर, 2025 का दिन एक खास सफर का मौका लेकर आया। इस दिन मुंबई में शुरू हुई बहुप्रतीक्षित अंडरग्राउंड मेट्रो ट्रेन से बहुत सारे लोग आरे कॉलोनी से धारावी, दादर होते हुए सीएसएमटी , चर्चगेट, विधान भवन और कफ परेड तक पहुंचे। दोपहर को बीकेसी मेट्रो स्टेशन के प्लैटफॉर्म नंबर 1 पर कफ परेड की तरफ जाने के लिए काफी कम लोग थे, लेकिन सबके चेहरे पर पहली बार अंडरग्राउंड ट्रेन में चढ़ने की उत्सुकता साफ झलक रही थी। ट्रेन आई, तो लोग अंदर जाकर सीटों पर बैठ गए। ट्रेन के चलते ही कुछ लोग आने वाले स्टेशन के नामों को लेकर उलझन में दिखाई दिए, लेकिन डिस्प्ले में सब लिखे होने और अगला स्टेशन बताने वाली आवाज को सुन सभी निश्चिंत हो गए। यात्रियों ने ट्रेन की खिड़की की तरफ झांका, तो गहन अंधेरे के सिवा कुछ भी नहीं दिखाई दिया। उस तरफ देखने से ऐसा लगा मानों एक सुरंग में तूफान की गति से ट्रेन दौड़ी जा रही है। अन्य लोकल ट्रेन में सफर करने वालों को इस ट्रेन की खिड़की की तरफ देखकर शायद ऐसा ही महसूस हुआ होगा। लोकल ट्रेन की खिड़की से कभी बारिश की बूंदें, कभी धूल और कभी धूप की गर्मी झेलने वाले यात्री इस अंडरग्राउंड मेट्रो से बाहर तो कुछ भी नहीं देख पा रहे थे। इस ट्रेन में खिड़की से बाहर के नजारे देखने की कमी को लोग जरूरी महसूस कर रहे होंगे।ट्रेन तेज रफ्तार में आगे बढ़ती जा रही थी, लेकिन मोबाइल की ओर कोई नहीं झांक रहा था। लोकल ट्रेन में तो सभी मोबाइल की ओर झुके रहते हैं। मुझे लगा सभी पहले दिन की अंडरग्राउंड यात्रा में खो गए हैं, इसलिए मोबाइल को बिल्कुल भूल गए हैं। तब मैंने अपने मोबाइल की ओर झांका, तो नेटवर्क ही नहीं था। मैंने एक सहकर्मी से पूछा कि क्या आपके मोबाइल में भी नेटवर्क नहीं है? उसने कहा हां, फिलहाल तो नेटवर्क की समस्या है ही। सीएसएमटी मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही मैं बाहर आ गया। सभी के लिए पहले दिन की यात्रा थी, इसलिए स्टेशन से ऊपर आने में सभी को बोर्ड का सहारा लेना पड़ा। मैंने देखा कि लोगों की आसानी के लिए जगहों के नाम के बोर्ड लगे हैं। मैं बोर्ड पर टाइम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग के नाम के आगे लगे तीर के निशान को देख ऊपर आ गया। बहरहाल, मेट्रो के पहले दिन की यात्रा बेहद रोचक रही। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज मेष राशि के जातकों को राजनीतिक सहयोग मिलने के योग बन रहे हैं। जीविका के क्षेत्र में किए गए प्रयास अब धीरे-धीरे फलीभूत होंगे। स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता न बरतें और इस दौरान अपनी वाणी पर संयम रखें। किसी भी विवाद में उलझने से बचने की कोशिश करें।

### वृष

आज आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। इस दौरान वृष राशि के जातकों के लिए धन, पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत हैं। शारीरिक और मानसिक थकान महसूस हो सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में किया गया प्रयास सार्थक रहेगा। आज के दिन आपके विरोधी अपने प्रयासों में सफल नहीं होंगे। कुल मिलाकर आज आर्थिक जीवन में संतुलन बना रहेगा।

### मिथुन

आज का दिन पराक्रम को बढ़ा रहा है। धन और ऐश्वर्य की वृद्धि से कुछ शत्रु ईर्ष्या करेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा और शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। लंबे समय से रुका हुआ कार्य संपन्न होता दिख रहा है। हालांकि इस दौरान किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की संभावना बनती हुई दिख रही है।

### कर्क

आज आपके कोष भाव में संचार कर रहा है, जिससे कुछ अन्तर्विरोध उत्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक योजनाओं को बल मिलेगा। इस दौरान नए अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें और खान-पान में संयम बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

### सिंह

आज अभीष्ट सिद्धि का कारक बन रहा है। इस दौरान आपके गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। रिश्तेदारों के कारण आपको कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है। रुपए-पैसे के लेनदेन में सतर्कता बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ मिल सकता है। वाहन चलाते समय अधिक सावधानी रखें।

### कन्या

आज आप कुछ विशेष कर दिखाने के लिए उत्साहित रहेंगे। आर्थिक दिशा में किए गए आपके प्रयास सफल रहेंगे और लाभ प्राप्त होगा। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें और अपने खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ मिलने की संभावना है।

### तुला

आज बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक प्रयास सफल होंगे। खान-पान में संयम बनाए रखें। ससुराल पक्ष से लाभ मिलेगा। झगड़ा-विवाद से बचना आवश्यक है। कार्यक्षेत्र में सतर्कता और धैर्य बनाए रखना लाभकारी रहेगा। आर्थिक और पारिवारिक मामलों में विवेकपूर्ण निर्णय लेने से सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

### वृश्चिक

आज पुराने रोग और ऋण से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक दिशा में किए गए प्रयास सफल रहेंगे। खान-पान में संयम बनाए रखें। अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाएं। कोई भी वित्तीय निर्णय आज सोच समझकर ही लें। इस दौरान आपके विरोधी सक्रिय नजर आ रहे हैं। रोजगार में सफलता प्राप्त होगी।

कार्यक्षेत्र में संयम और सतर्कता बनाए रखें।

### धनु

आज गुप्त शत्रु और ईर्ष्यालु साथियों से आज के दिन आपको सतर्क रहना होगा। आर्थिक दिशा में किए हुए आपके प्रयास सफल रहेंगे। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें और खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ की संभावना है। कार्यक्षेत्र और पारिवारिक मामलों में संतुलन बनाए रखना लाभकारी रहेगा।

### मकर

आज विवेकपूर्ण कार्य संपादन और रोजगार में सफलता दिलाएगा। मकर राशि के लोग को इस दौरान उपहार और सम्मान प्राप्त होंगे। दूसरों से सहयोग लेने में सफल रहेंगे। यात्रा आपके लिए लाभदायक साबित होगी। प्रियजनों से भेंट होने की संभावना है।

### कुंभ

आज राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप की संभावना है। आय और व्यय में संतुलन बनाए रखें। सिंह का चंद्रमा निकट और दूर की यात्राओं में सफलता और लाभ को प्रबल करेगा। कार्यक्षेत्र में सतर्कता, धैर्य और विवेक बनाए रखना लाभकारी रहेगा।

### मीन

आज का दिन विजय का संकेत दे रहा है। पुराने झगड़े और समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार और सम्मान प्राप्त होंगे। किसी कार्य के संपन्न होने से स्वभाव और वर्चस्व में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से कुछ तनाव मिल सकता है, लेकिन मैत्री संबंध मधुर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में सतर्कता और धैर्य बनाए रखना आवश्यक है।

# दिग्गज निवेशक कचौलिया ने 4 शेयरों पर लगाया दांव



**मुंबई, एजेंसी।** शेयर मार्केट में बिग व्हेल के नाम से मशहूर दिग्गज निवेशक आशीष कचौलिया ने 4 नए शेयरों को अपने पोर्टफोलियो में जोड़ा है। आशीष कचौलिया ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही के दौरान वी-मार्क, प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स, जैन रिसोर्स रिसाइक्लिंग और वासा डेन्टिसिटी के शेयर खरीदे हैं। दिग्गज इनवेस्टर ने जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान 3 स्टॉक्स में अपनी हिस्सेदारी घटाई भी है।

जैन रिसोर्स रिसाइक्लिंग में कचौलिया की 1.1 प्रतिशत हिस्सेदारी

जैन रिसोर्स रिसाइक्लिंग में आशीष कचौलिया के इनवेस्टमेंट की वैल्यू अब 124 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 1.1 पर्सेंट है। वी-मार्क में कचौलिया की हिस्सेदारी 2.7 पर्सेंट रही, कंपनी में दिग्गज निवेशक के इनवेस्टमेंट की वैल्यू 37.8 करोड़ रुपये है। आशीष कचौलिया ने प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स में 3.4 करोड़ रुपये लगाए और कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 1.2 पर्सेंट है। कचौलिया ने वासा डेन्टिसिटी में अपनी हिस्सेदारी 0.3 पर्सेंट से बढ़ाकर 0.4 पर्सेंट की। कंपनी में उनके इनवेस्टमेंट की वैल्यू अब 36.2 करोड़ रुपये है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है।

**जैन रिसोर्स रिसाइक्लिंग में मिला मल्टीबैगर रिटर्न:** कुछ महीने पहले ही लिस्ट हुई जैन रिसोर्स रिसाइक्लिंग में आशीष कचौलिया का दांव अब मल्टीबैगर बन गया है। दिग्गज निवेशक ने इस साल मार्च में कंपनी पर दांव लगाया था, कचौलिया ने इनवेस्टमेंट के बाद से कंपनी के शेयरों ने 156 पर्सेंट का तगड़ा रिटर्न दिया है। आशीष कचौलिया ने 13 मार्च 2025 को अपनी इनवेस्टमेंट इकाई बंगाल फाइनेंस एंड इनवेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के जरिए जैन रिसोर्स रिसाइक्लिंग में 50 करोड़ रुपये का निवेश किया था। दिग्गज इनवेस्टर आशीष कचौलिया ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही के दौरान एक्सप्रो इंडिया, ब्रांड कॉन्सेप्ट और धाबरिया पॉलीवुड में अपनी हिस्सेदारी घटाई है। कचौलिया ने धाबरिया पॉलीवुड में अपनी हिस्सेदारी 0.9 पर्सेंट कम की है।

धाबरिया पॉलीवुड में अब दिग्गज निवेशक की हिस्सेदारी 5.8 पर्सेंट रह गई है। कचौलिया के पास धाबरिया पॉलीवुड के अब 6,26,347 शेयर हैं। बिग व्हेल नाम से मशहूर कचौलिया ने एक्सप्रो इंडिया में अपनी हिस्सेदारी 0.2 पर्सेंट घटाकर 3.9 पर्सेंट कर ली है। दिग्गज निवेशक ने ब्रॉन्ड कॉन्सेप्ट्स में भी अपनी हिस्सेदारी 0.2 पर्सेंट घटाकर 1.5 पर्सेंट की है।

## सैमसंग गैलेक्सी एम17 5जी की भारत में बिक्री शुरू

### सेगमेंट में पहली बार ओआईएस कैमरा और बेहतर ड्यूरैबिलिटी का आनंद उठाएं

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग ने आज घोषणा की है कि भारत के उपभोक्ता आज से हाल ही में लॉन्च किए गए गैलेक्सी एम17 5जी को खरीद सकते हैं। गैलेक्सी एम17 5जी अमेज़न, सैमस.काम और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स के माध्यम से उपलब्ध होगा, जहां 4/128 जीबी वैरिएंट की कीमत 12,499 रुपये से शुरू है। 6/128 जीबी वैरिएंट 13,999 रुपये और 8/128 जीबी वैरिएंट 15,499 रुपये में उपलब्ध होंगे। उपभोक्ता प्रमुख बैंकों/एनबीएफसी पार्टनर्स के माध्यम से आसान ईएमआई ऑफर का लाभ भी उठा सकते हैं, उन्हें 3 महीने तक नो कॉस्ट ईएमआई का फायदा मिलेगा।

गैलेक्सी एम17 5जी, सैमसंग के भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स में से एक गैलेक्सी स्न6 5त्न की सफलता पर आधारित है, और सैमसंग की उस विरासत को आगे बढ़ाता है जो आधुनिक एआई इनोवेशन्स को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाती है। यह 10,000 - 15,000 रुपये के सेगमेंट में नो शेक कैमरा के साथ आता है, जिसमें 50एमपी ओआईएस ट्रिपल-कैमरा सिस्टम है जो ब्लर-फ्री फोटो और शेक-फ्री वीडियो कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। बहुपयोगी ट्रिपल-लेंस सेटअप - जिसमें अल्ट्रा-वाइड कैमरा और मैक्रो कैमरा शामिल है ङ्क हर सीन के लिए लचीली फ्रेमिंग प्रदान करता है। गैलेक्सी एम17 5जी में सेगमेंट-लीडिंग 13 एमपी हाई रेजोल्यूशन फ्रंट कैमरा है जिससे आप बेहतरीन सेल्फी ले सकते हैं।

गैलेक्सी एम17 5जी प्रीमियम कैमरा डेको की खूबी है। इसका सेगमेंट में अग्रणी कॉर्निंग0 गोरिल्ला0 ग्लास विक्टस0 बेहतर ड्यूरेबिलिटी प्रदान करता है। यह सुरक्षा गलती से मोबाइल गिरने और खरोंचों से बचाव करती है, जिससे यूजर को पूरी शांति मिलती है। डिवाइस में धूल और स्पलैश रेजिस्टेंस के लिए आईपी54 रेटिंग भी है।

## 65 के नीचे ट्रेड कर रहा अडानी का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैसे तो गौतम अडानी समूह की कई कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट हैं लेकिन उनमें भी एक ऐसी कंपनी है जिसके शेयर पेनी कैटेगरी में आते हैं। इस कंपनी का नाम- सांघी इंडस्ट्रीज है। सीमेंट कारोबार से जुड़ी इस कंपनी के शेयर की कीमत 70 रुपये से भी कम है। अब कंपनी ने एक अहम बैठक बुलाई है। आइए डिटेल जान लेते हैं।

सांघी इंडस्ट्रीज के शेयर की बात करें तो शुक्रवार को 64.19 रुपये पर बंद हुआ था। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर एक फीसदी से ज्यादा टूट गया। मार्च 2025 में यह शेयर 50.10 रुपये के निचले स्तर तक आ गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। नवंबर 2024 में शेयर की कीमत 90.52 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

सांघी इंडस्ट्रीज ने बीएसई को जानकारी दी है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 1 नवंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। इस बैठक में 30 सितंबर 2025 को समाप्त हुई तिमाही के लिए कंपनी के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को विचार और अनुमोदन के लिए पेश किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि यह बैठक नियमित वित्तीय समीक्षा प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें तिमाही प्रदर्शन और राजस्व से जुड़ी प्रमुख जानकारियों पर चर्चा की जाएगी।

बता दें कि अडानी समूह की सभी सूचीबद्ध



कंपनियों (अडानी पोर्टफोलियो) को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 23,793 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ हुआ है जो साल-दर-साल 3.3 प्रतिशत अधिक है। जून 2025 में समाप्त 12 महीने के दौरान अडानी पोर्टफोलियो ने 90,572 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ कमाया जो एक नयी उपलब्धि है। इसमें साल दर साल 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### शेयरहोल्डिंग पैटर्न

सांघी इंडस्ट्रीज ने शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो 75 फीसदी हिस्सेदारी प्रमोटर के पास है। पब्लिक शेयरहोल्डिंग 25 फीसदी की है। प्रमोटर्स में अंबुजा सीमेंट्स के पास 15,00,45,102 शेयर या 58.08 फीसदी हिस्सेदारी है।

## एलटीएफ ने दूसरी तिमाही के लिए अब तक का सर्वोच्च प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 735 करोड़ दर्ज किया

**मुंबई, एजेंसी।** एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ), भारत की अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए अब तक का सर्वोच्च प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 735 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो तिमाही-दर-तिमाही 5प्रतिशत और वर्ष-दर-वर्ष 6प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस तिमाही में, रिटेल बुक साइज़ 1,04,607 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो वर्ष-दर-वर्ष 18प्रतिशत की वृद्धि है।

कंपनी ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए 18,883 करोड़ रुपये का तिमाही रिटेल डिस्बर्समेंट दर्ज किया, जो वर्ष-दर-वर्ष 25प्रतिशत की वृद्धि है। खुदराकरण इस 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए 98प्रतिशत पर खड़ा है। वित्तीय नतीजों पर बात करते हुए, एलटीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री सुदीप्ता रॉय ने कहा इस तिमाही में हमारा पूरा ध्यान एक्सेक्यूशन और ग्रोथ पर था। इससे हमें बैंकिंग-फाइनेंस क्षेत्र की उस तिमाही में भी शानदार नतीजे देने में मदद मिली, जिसे आमतौर पर कमजोर माना जाता है। यह सफलता हमारे सभी बिजनेस क्षेत्रों में बेहतर रफ्तार दिखाती है, जो गांवों और शहरों दोनों जगह पिछले कुछ महीनों की बदलाव योजनाओं से आई है।

हमने टेक्नोलॉजी, टैलेंट, ब्रांचों को नया रूप देने और बढ़ाने, ब्रांड को मजबूत करने और कस्टमर सेंट्रिसिटी पर लगातार ध्यान दिया है। यह सब हमारी 5 पिल्लर एक्सेक्यूशन स्ट्रेटेजी का हिस्सा है, और इनका फायदा हमें जल्दी मिलने लगा है। हमारा गोल्ड लोन का धंधा इस साल की पहली तिमाही में पोर्टफोलियो में जुड़ा था और इस तिमाही में इसने जबरदस्त रफ्तार पकड़ ली।

## स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड की बोर्ड बैठक 23 अक्टूबर 2025 को अधिग्रहण प्रस्तावों पर विचार हेतु आयोजित होगी

**मुंबई, एजेंसी।** स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड (बीएसई- 539895), जो भारत, अमेरिका और कनाडा में सक्रिय एक तेज़ी से विकसित होती फूड एवं टेक्नोलॉजी कंपनी है, ने घोषणा की है कि कंपनी का निदेशक मंडल 23 अक्टूबर 2025 को बैठक करेगा। इस बैठक में संभावित इकाईयों/व्यवसायों के अधिग्रहण से संबंधित प्रस्तावों पर विचार और चर्चा की जाएगी, जो आवश्यक अनुमोदनों के अधीन होंगे।स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स की स्थापना वर्ष 2019 में भारत में की गई थी। यह एक उभरती हुई फूड एवं टेक कंपनी है जिसके संचालन भारत, अमेरिका और कनाडा में हैं। कंपनी के पास बफैलो वाइल्ड विंग्स, विंगजोन, एटच, और टेक सॉफ्ट, जैसे वैश्विक ब्रांडों के लिए विशिष्ट फ्रैंचाइज़ अधिकार हैं। साथ ही यह ब्लेज कबाब्स, जोरा, सलूद और सनबर्न यूनियन, जैसे चार स्वयं के ब्रांडों की , भी स्वामी है। नवाचार और गुणवत्ता पर केंद्रित एसएलएफडब्ल्यू अपनी वैश्विक उपस्थिति को तेज़ी से विस्तारित कर रही है।स्पाइस लाउंज फ्रैंचाइज़ के माध्यम से कंपनी अपने सिग्नेचर ब्रांड की जीवंत स्वाद पहचान और गर्मजोशी भरी मेहमाननवाज़ी को नई समुदायों तक पहुंचाती है। कंपनी रणनीतिक योजना और स्केलेबल, टेक-ड्रिवन मॉडलों के सहज संयोजन से श्रेष्ठ ब्रांडों को पुनर्जीवित कर, उनके विकास को गति प्रदान करती है।कंपनी का विज़न एक बहु-श्रेणी, प्रारूप-परिभाषित फूड सर्विस संगठन का निर्माण करना है, जो संचालन दक्षता के साथ भारत की अगली पाक कला नवाचार लहर का नेतृत्व करे। डाइनिंग विशेषज्ञता का लाभ उठाकर विभिन्न अवधारणाओं और प्रारूपों में उत्कृष्ट एवं सुसंगत फूड अनुभव प्रदान करना है। कंपनी तेज़-फूड, क्विक-सर्विस, स्केलेबल, एक्सपोर्टेबल और ऐसट-लाइट संचालन मॉडल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो प्रौद्योगिकी आधारित हो।

और आकांक्षी भारत की दिशा में संरेखित हों।

## विंजों ने भारत के अगले 500 मिलियन यूज़र्स के लिए लॉन्च किया जो गोल्ड

### समृद्धि को बनाया लोकतांत्रिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक ऐतिहासिक दिन पर, जब सोने की कीमतें रु 130,000, प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई हैं, भारत के सबसे बड़े इंटरैक्टिव एंटरटेनमेन्ट प्लेटफॉर्म विंज़ो, जिनके 250 मिलियन से अधिक यूज़र हैं, नें जो गोल्ड के लॉन्च की घोषणा की है। यह विंज़ों की ओर से क्रांतिकारी कदम है, जिसके द्वारा देश में 500 मिलियन से अधिक डिजिटल यूज़र मात्र रु 2 से डिजिटल गोल्ड में निवेश शुरू कर सकते हैं।'जो गोल्ड के साथ विंज़ो रोज़मर्रा की डिज़िटल गतिविधियों को संपत्ति सृजन के तरीकों में बदल रहा है, जिससे भारत के अगले 500 मिलियन नागरिक दुनिया के सबसे पुराने एव सबसे भरोसमंद तरीके में निवेश कर सकते हैं, और ऐसा करके वे पूरी पीढ़ी के लिए समृद्धि को नया आयाम दे सकते हैं।

जो गोल्ड के माध्यम से यूज़र तुरंत डिजिटल तरीके से गोल्ड खरीद सकते हैं, बचत कर सकते है और अपने इस निवेश को ट्रैक भी कर सकते हैं। वे बहुत छोटी से राशि से निवेश शुरू कर सकते हैं और अगर चाहें तो एसआईपी की तरह नियमित रूप से निवेश जारी रख सकते हैं। कंपनी सेफ़गोल्ड के साथ साझेदारी में यह अनूठी पेशकश लेकर आई है, जिसका उद्देश्य खासतौर पर देश के टियर-2 एंव टियर-3 शहरों के युवा पेशेवरों एवं नए निवेशकों के लिए संपत्ति सृजन को आसान, सहज एवं सुलभ बनाना है। गौरतलब है कि यही वर्ग भुगतान के डिजिटल तरीकों को अपना रहा है और अपने पसंदीदा डिजिटल हब के रूप में विंज़ो पर भरोसा करता है। विंज़ो में यूज़र्स के भरोसे को और मजबूत बनाने वाली यह पेशकश इस बात पर आधारित है कि एक समय में हर 200 में से 1 यूपीआई लेनदेन इसी प्लेटफॉर्म पर होता था। ये आंकड़े प्लेटफॉर्म की विश्वसनीयता, पहुंच एवं यूज़र्स के भरोसे की पुष्टि करते हैं। जो गोल्ड के साथ विंज़ो ने अपने मिशन को और आगे बढ़ाते हुए डिजिटल प्रवाह को फाइनैंशियल प्रवाह में बदला है। यह प्रोडक्ट भरोसे, टेक्नोलॉजी एवं सुलभता के साथ छोटे लेनदेन को छोटे निवेश में बदल देता है, इस तरह यूज़र जब चाहें तुरंत डिजिटल गोल्ड खरीद कर बचत एवं सुरक्षित निवेश कर सकते हैं और अपने गोल्ड को डिजिटल रूप से बढ़ा सकते हैं। 'विंज़ो हमेशा से भारत की डिजिटल क्रांति के समावेशन के पक्ष में रहा है। सदियों से गोल्ड यानि सोने को सुरक्षा, समृद्धि एव उम्मीद का प्रतीक माना जाता रहा है, इसके बावजूद वास्तव में सोना खरीदना लाखों लोगों की पहुंच से बाहर रहा है। जो गोल्ड के साथ हमने इन बाधाओं को हमेशा के लिए दूर कर दिया है, और हर भारतीय को गोल्ड खरीदने, बचत करने और संपत्ति सृजन में सक्षम बनाया है। छोटी बचत को सार्थक निवेश में बदल कर हम एक राष्ट्रीय आंदोलन को जन्म दे रहे हैं, जहां छोटे-छोटे खर्च बचत में बदल जाएंगे और संपत्ति सृजन एक आदत बन जाएगी।

ना कि विशेषाधिकार।' पावन नंदा एवं सौम्या सिंह, सह-संस्थापक, विंज़ो ने कहा। 'सेफगोल्ड में हमारा उद्देश्य गोल्ड की खरीद को सुलभ, पारदर्शी एवं समावेशी बनाना है। विंज़ो पलेटफॉर्म पहुंच बड़ी संख्या में यूज़र्स तक फैली है, जो भारत की डिजिटल इकोनोमी के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है।

## कॉनप्लेक्स सिनेमाज का ओडिशा और महाराष्ट्र में विस्तार

**मुंबई, एजेंसी।** कॉनप्लेक्स सिनेमाज लिमिटेड जो भारत की सबसे तेज़ी से बढ़ती मनोरंजन कंपनियों में से एक है और नवाचार व आराम के माध्यम से मूवी देखने के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित कर रही है, ने दो नई प्रॉपर्टीज़ के लॉन्च की घोषणा की है। जाजपुर की प्रॉपर्टी कॉनप्लेक्स की पूर्वी भारत में मौजूदगी को बढ़ाती है, जबकि संगमनेर का सिनेमा महाराष्ट्र में इसकी पकड़ को और मजबूत करता है – जो कंपनी के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। दोनों प्रॉपर्टीज़ को अत्याधुनिक डॉल्बी 7.1 सराउंड साउंड सिस्टम, 2के और 3डी स्क्रीन, और लग्ज़री रिक्लाइनर सीटिंग से सुसज्जित किया गया है, जो दर्शकों को एक शानदार और आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। ये लॉन्च कॉनप्लेक्स की उस रणनीति को दर्शाते हैं, जिसके तहत कंपनी टियर–2 और टियर–3 शहरों के साथ–साथ चुनिंदा मेट्रो लोकेशनों में प्रीमियम लेकिन किफायती सिनेमा नेटवर्क का निर्माण कर रही है। कॉनप्लेक्स सिनेमाज लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक श्री राहुल कमलेशभाई ध्यानी ने कहा–ओडिशा और महाराष्ट्र में हमारे नवीनतम उद्घाटन कॉनप्लेक्स की राष्ट्रव्यापी विकास यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं।


## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला की ओर से (on behalf of the President of India) से निविदाएं ई नीलामी के माध्यम से–आमंत्रित की जाती हैं, जिनका विवरण निम्नलिखित है

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | नीलामी काटलोग सं. | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर कुल 8'x8' क्षेत्रफल का ट्रैवल हेल्प डेस्क स्थापित किया जाना है। (साइट प्लान के अनुसार | MSS-UMB-PTA-THDPK-41-25-1 (Misc-Static-Services -Travel Help Desk/Travelers Information and Promotional Kiosk) | 23-10-25 12:00:00 |
| 2. | अंबाला मंडल के अंतर्गत ग्यारह (11) मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के आरक्षित डिब्बों में विज्ञापनों सहित लिनेन कवर की खरीद एवं आपूर्ति हेतु अनुबंध। | HyB-OnB-110173-25-1 (Hybrid NFR - On-board Hybrid) | 23-10-25 12:00:00 |
| 3. | शिमला रेलवे स्टेशन पर कुल 144 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले क्लोक रूम प्रबंधन अनुबंध। | PnU-UMB-SML-WRL-49-23-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 4. | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर कुल 20.78 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-BTI-WRL-66-25-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 5. | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर x4 मीटर अर्थात् कुल 12 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-RPJ-WRL-59-25-2 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 6. | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 3 मीटर x 5.37 मीटर अर्थात् कुल 16.11 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-SIR-WRL-60-25-2 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 7. | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 12 फीट x 12 फीट अर्थात् कुल 144 वर्ग फुट (13.38 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-UMB-WRL-47-25-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 8. | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल 20.44 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्रिंटिंग/फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लोक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान। | PnU-UMB-SRE-WRL-44-25-1 (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) | 24-10-25 12:00:00 |
| 9. | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना हेतु इंक्वायरी के नजदीक 6' x 6' क्षेत्रफल के स्थान (संरचना सहित) के आवंटन के लिए निविदा आमंत्रण | ATM-UMB-YJUD-Gen-38-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 10. | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर SSE सिग्नल ऑफिस के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SIR-Gen-20-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 11. | अम्ब अंदोरा रेलवे स्टेशन पर 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-AADR-Gen-25-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 12. | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एग्जिट गेट के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-ANSB-Gen-21-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 13. | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-MET-Gen-29-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 14. | संगरूर रेलवे स्टेशन पर RPF पोस्ट (DUI छोर) के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SAG-Gen-37-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 15. | संगरूर रेलवे स्टेशन पर नए स्टेशन भवन (JHL छोर) के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SAG-Gen-26-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 16. | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-UBC-Gen-35-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 17. | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर पंप हाउस के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-NLDM-Gen-24-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 18. | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर UTS/PRS हॉल के बाहर स्थान–A (साइट–2) में एटीएम की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-RPJ-Gen-41-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 19. | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-UBC-Gen-36-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 20. | मालेरकोटला रेलवे स्टेशन पर एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-MET-Gen-30-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 21. | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर एग्जिट गेट के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-ANSB-Gen-22-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 22. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र के पास एटीएम की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना सहित) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-PTA-Gen-28-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 23. | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर SSE सिग्नल ऑफिस के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-SIR-Gen-19-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 24. | रूप नगर रेलवे स्टेशन पर 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–2) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-RPAR-Gen-23-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 25. | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर UTS/PRS हॉल के बाहर स्थान–A (साइट–1) में एटीएम की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-RPJ-Gen-40-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 26. | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एंट्री गेट के पास 6' x 6' क्षेत्रफल में एटीएम (साइट–1) की व्यवस्था हेतु स्थान (संरचना के बिना) का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | ATM-UMB-UMB-Gen-33-25-1 (ATM - General) | 30-10-25 12:00:00 |
| 27. | ट्रेन संख्या 52457/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-240044-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 28. | ट्रेन संख्या 52455/56 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-239887-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 29. | ट्रेन संख्या 52451/52 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-98543-2-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 30. | ट्रेन संख्या 52453/54 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-273108-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 31. | ट्रेन संख्या 52459/58 में वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान के लिए विनाइल स्टिकर्स और बोर्ड का उपयोग करके ट्रेन कोचों के अंदरूनी हिस्से में विज्ञापन (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार)। | ADVT-Int-132321-1-25-1 (Advertising-Train Interior) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 32. | ट्रेन संख्या 20493/94 (CDG-MDU एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVT-EFF-250749-1-25-1 (Advertising - Train Exterior (Full Face) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 33. | ट्रेन संख्या 14523/24 (UMB-BJU एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVF-EFF-137547-7-25-1 {Advertising – Train Exterior (Full Face)} | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 34. | ट्रेन संख्या 14525/26 (UMB-SGNR एक्सप्रेस) के पूर्ण बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVF-EFF-100891-5-25-1 {Advertising – Train Exterior (Full Face)} | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 35. | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 345 वर्ग फुट क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) की स्थापना, संचालन और रखरखाव। | MSS-UMB-UMB-MedStn.-39-25-1 (Misc.-Static-Services-Medical Facilities at Station) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 36. | ट्रेन संख्या 12045/46 चंडीगढ़–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के सभी एक्जीक्यूटिव क्लास और चेयर कार क्लास कोचों के सभी सीटों पर हेडरेस्ट कवर के प्रावधान के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (संबद्ध कोच संरचना के अनुसार)। | MMS-HRC-202686-1-25-1 (Head Rest Covers Advertisement in Trains) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 37. | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन हेतु यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से कुल 6 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 864 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-RPAR-OH-315-25-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 38. | शिमला रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए 5 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 1028 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-SML-OH-306-24-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 39. | अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए 12 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 864 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-AADR-OH-316-25-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 40. | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन पर 360 वर्ग फुट क्षेत्र में वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान (गैर–डिजिटल) | ADVT-UMB-UHL-OSN-151-22-2 (Advertising-On station premises-Non Digital) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 41. | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन के लिए कुल 13 स्थल यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 1872 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-ANSB-OH-318-25-1 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 42. | नंगलडेम रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल्स/होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन के लिए 8 स्थल उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 576 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-NLDM-OH-317-25-2 (Advertising- Out of Home) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 43. | सहारनपुर स्टेशन के यूटीएस हॉल के ऊपर 30'x5' आकार का एकल–पक्षीय डिजिटल मीडिया विज्ञापन स्थल, जिसका कुल क्षेत्रफल 150 वर्ग फुट है | ADVT-UMB-SRE-OSD-311-24-1 {Advertising- On station premises (Digital)} | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 44. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 12'x12' कुल क्षेत्रफल का हेल्थ एटीएम कियोस्क स्थापित करना | MSS-UMB-PTA-HlthK-33-25-2 | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 45. | पटियाला रेलवे स्टेशन पर 10'x12' क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक आराम कुर्सियों की स्थापना और संचालन (भुगतान आधारित) | MSS-UMB-PTA-MaChr-34-25-1 | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 46. | बठिंडा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 5, 6 और 7 पर 1014 वर्ग फुट क्षेत्र में गैर–डिजिटल वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | ADVT-UMB-BTI-OSN-314- 25-1 (Advertising-On station premises-Non Digital) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 47. | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन के परिसंचरण क्षेत्र में समग्र पार्किंग के लिए आवंटन, जिसका कुल क्षेत्रफल 2610.22 वर्ग मीटर है | PARKING-UMB-YJUD-MX-7-25-1 (Parking Mixed) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 48. | अंबाला मंडल के चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश (पंचकूला पक्ष) पर ई–रिक्शा/तीन पहिया (786 वर्ग मीटर), टैक्सी (1651 वर्ग मीटर), दोपहिया पार्किंग (1744 वर्ग मीटर), चार पहिया पार्किंग (7145 वर्ग मीटर) के लिए समग्र पार्किंग और एक्सेस नियंत्रण अधिकार का आवंटन, कुल पार्किंग क्षेत्रफल 11,326 वर्ग मीटर | PARKING-UMB-CDG-AC112-25-1 (Access Control) | 29-10-2025 12:00 Hrs |
| 49. | अम्ब अंदोरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर 10' x 6' आकार के जनरल माइनर केटरिंग यूनिट (GMU) स्टॉल संख्या 02 का आवंटन। | Catg-UMB-AADR-GMU-170-25-1 (Catering - General Minor Unit (GMU)) | 03-11-25 15:00:00 |
| 50. | राजपुरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या पर 10' x 6' आकार के स्पेशल माइनर केटरिंग यूनिट (SMU) स्टॉल संख्या 1 का आवंटन। | Catg-UMB-RPJ-SMU-173-25-1 (Catering - Special Minor Unit (SMU)) | 03-11-25 15:00:00 |
| 51. | मालेरकोटला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर 10' x 6' आकार के माइनर केटरिंग यूनिट (SMU) स्टॉल संख्या 2 का आवंटन। | Catg-UMB-MET-SMU-171-25-1 (Catering - Special Minor Unit (SMU)) | 03-11-25 15:00:00 |
| 52. | धुरी जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर पे एंड यूज टॉयलेट अनुबंध के 02 स्थलों के संचालन और प्रबंधन। | PnU-UMB-DUI-Toi-58-25-1 (Pay and Use - Toilets) | 03-11-25 15:00:00 |
| 53. | कालका रेलवे स्टेशन (पावर केबिन बिल्डिंग के पीछे) पर तीन वर्षों की अवधि हेतु सामान्य पे एंड यूज टॉयलेट के संचालन और रखरखाव (O&M) अनुबंध के लिए | PnU-UMB-KLK-Toi-11-22-3 (Pay and Use - Toilets) | 03-11-25 15:00:00 |
| 54. | पटियाला रैलवे स्टेशन पर कुल 6'x6' क्षेत्रफल वाले मोबाइल और एक्सेसरीज कियोस्क की स्थापना। (साइट प्लान के अनुसार) | MSS-UMB-PTA-MobStore 37-25-1 (Misc-Static-Services - Mobiles and accessories Kiosk) | 03-11-25 15:00:00 |

ई नीलामी लीजिंग प्रक्रिया से संबंधित किसी अन्य जानकारी के लिए–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने या ई–**www.ireps.gov.in** पर जायें। 3241/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# बायोटैक्नोलॉजी में अवसरों की कमी नहीं

बायोटैक्नोलॉजी की शिक्षा प्राप्त के बाद देश के साथ–साथ विदेश में भी काम करने के ढेरों अवसर हैं । मैडीसिन एंड हैल्थकेयर, पशुपालन, कृषि तथा पर्यावरण इंडस्ट्री में आप मार्कीटिंग, रिसर्च और प्रोडक्शन के क्षेत्र में काम कर सकते हैं। इस क्षेत्र में देशी–विदेशी कई कम्पनियां मौजूद हैं जो बायोटैक्नोलॉजिस्ट्स को अनुसंधान और विकास में रोजगार प्रदान करती हैं । सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में भी अवसरों की कमी नहीं है ।

## क्या है बायोटैक्नोलॉजी?

बायोटैक्नोलॉजी रिसर्च आधारित विज्ञान है जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक सिद्धांतों और तकनीक का प्रयोग करते हुए बायोलॉजिकल सिस्टम में सुधार करना है । बायोलॉजी और टैक्नोलॉजी को मिलाकर बने इस फील्ड में बायोकैमिस्ट्री, जैनेटिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, कैमिस्ट्री, इम्युनोलॉजी, इंजीनियरिंग, पेड़–पौधे, हैल्थ और मैडीसिन, क्रॉपिंग सिस्टम व मैनेजमैंट, मृदा–विज्ञान और संरक्षण, इकोलॉजी, बायोस्टैटिस्टिक्स, सैल बायोलॉजी, सीड टैक्नोलॉजी, प्लांट फिजियोलॉजी आदि शामिल हैं। आज के दौर का सबसे विवादास्पद विषय है बायोटैक्नोलॉजी जिसे मुख्यत- शोध आधारित विज्ञान माना जाता है। यह एक विस्तृत फील्ड है जिसके विस्तृत दायरे ने इसे एक बेहतरीन करियर विकल्प बना दिया है । इसका संबंध स्वास्थ्य, चिकित्सा, कृषि, पशुपालन, उद्योग, पर्यावरण से लेकर अनुसंधान तक है ।

## योग्यता

बायोटैक्नोलॉजी में स्नातक स्तर पर आप बी.एससी., बी.ई. और बी.टैक कर सकते हैं तो पोस्ट ग्रैजुएट स्तर पर एम.एससी., एम.टैक या एम.बी.ए. के विकल्प आपके लिए मौजूद हैं । बायोटैक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए विज्ञान का अभ्यर्थी होना जरूरी होगा । बायोलॉजी, फिजिक्स, कैमिस्ट्री एवं कृषि की जानकारी जरूरी है। आई.आई.टी. संस्थानों में 5 वर्षीय इंट्रीग्रेटेड एम.टैक कोर्स भी उपलब्ध है जो12वीं के बाद किया जा सकता है ।

## विदेशों में भी अवसर

बायोटैक्नोलॉजी की शिक्षा प्राप्त के बाद देश के साथ–साथ विदेश में भी काम करने के ढेरों अवसर हैं । मैडीसिन एंड हैल्थकेयर, पशुपालन, कृषि तथा पर्यावरण इंडस्ट्री में आप मार्कीटिंग, रिसर्च और प्रोडक्शन के क्षेत्र में काम कर सकते हैं।

## सम्भावनाएं

इस क्षेत्र में देशी–विदेशी कई कम्पनियां मौजूद हैं जो बायोटैक्नोलॉजिस्ट्स को अनुसंधान और विकास में रोजगार प्रदान करती हैं । सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में भी अवसरों की कमी नहीं है । लैबोरेटरीज और रिसर्च इंस्टीच्यूट्स में बतौर साइंटिस्ट और असिस्टैंट काम कर सकते हैं । कृषि और बागवानी के संस्थानों में भी इनकी मांग है ।



# क्या आप कॉमर्स लेने जा रहे हैं...

**अगर आप बारहवीं में कॉमर्स लेने जा रहे हैं लेकिन आपको पता नहीं कि इसके बाद आप कौन-कौन से करियर अपना सकते हैं तो आपको परेशान होने की जरुरत नहीं। आज हम आपको बताएंगे कि कॉमर्स के छात्रों के लिए बेहतर करियर विकल्प क्या हैं**

## चार्टर्ड अकाउंटेंसी

जो छात्र 10+2 में वाणिज्य लेते हैं, उनकी पहली प्राथमिकता चार्टर्ड अकाउंटेंसी होती है। आपको शायद यह जानकर हैरानी होगी कि भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंसी की मांग कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देशों में है। अंतरराष्ट्रीय अवसरों के कारण भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंसी युवाओं के लिए अग्रिम कैरियर विकल्प बन गया है। द इंस्टीट्युट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, जो भारत सरकार के अधीन पंजीकृत संस्था है, को भारत में इस क्षेत्र में पाठ्यक्रम चलाने का एकाधिकार प्राप्त है।

## कंपनी सेक्रेटरीशिप

वाणिज्य से 10+2 पूरा करने वाले छात्रों का एक बड़ा वर्ग कंपनी सेक्रेटरी बनना चाहता है। आज हर उस कंपनी में, जिसका पेड–अप पूंजी 1 करोड़ से अधिक है, एक कंपनी सेक्रेटरी होना अनिवार्य है। तीन स्तरों में होने वाले इस पाठ्यक्रम सह परीक्षा की विस्तृत जानकारी के लिए आफ इंस्टीट्युट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आईसीएस आइ डॉट इडीयू पर संपर्क करें।

## कॉस्ट एंड वर्क अकाउंटेंट

फाइनेंस के क्षेत्र में एक नया क्षेत्र उभर कर आया है, जिसे कॉस्ट एंड वर्क अकाउंटेंसी के नाम से जाना जाता है। चार्टर्ड अकाउंटेंसी या कंपनी सेक्रेटरीशिप की तरह तीन स्तरों– फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा को उत्तीर्ण कर कॉस्ट अकाउंटेंट की योग्यता प्राप्त कर सकता है। कॉस्टअकाउंटेंट किसी कंपनी का वह पदाधिकारी होता है, जिसे अपनी तकनीकी दक्षता से कंपनी की पूंजी व लागत का





उचित इस्तेमाल करना होता है। विस्तृत जानकारी के लिए आप इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंसी ऑफ इंडिया की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आइसीएमएआइ डॉट इन पर संपर्क करें।

## लॉ

वाणिज्य से बारहवीं के बाद छात्रों का एक बड़ा तबका लॉ के क्षेत्र में जाता है। 10+2 के बाद 5 वर्षीयलॉइंटिग्रेटेड पाठ्यक्रम पूरा करकानून के क्षेत्र में कैरियर को एक नयी दिशा दी जा सकती है। पहले इस इंटिग्रेटेड पाठ्यक्रम में केवल बीएएलएलबी पाठ्यक्रम ही होता था। परंतु समय की मांग को देखते हुए बीएएलएलबी के अतिरिक्त व्यापार प्रबंधन की चाह रखने वाले छात्रों के लिए बीबीएएलएलबी, विज्ञान के छात्रों के लिए बीएससीएलएलबी या कॉमर्स के छात्रों के लिए बीकॉमएलएलबी पाठ्यक्रमों की भी घोषणा कर दी गयी है।इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आपको एक विशेष प्रवेश जांच परीक्षा देनी होगी, जिसे कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट यानी क्लैट कहा जाता है। इस प्रवेश जांच परीक्षा के माध्यम से आपको देश के प्रतिष्ठित लॉ विश्वविद्यालय में दाखिले का अवसर प्राप्त होगा।

## बैंकिंग

यदि हम यह कहें कि आनेवाले कुछ वर्ष बैंकिंग के क्षेत्र में नयी नौकरियों की चाह रखने वाले छात्रों के नाम होंगे, तो कुछ गलत न होगा। आगामी कुछ वर्षों में लगभग 1 लाख से अधिक छात्रों के लिए बैंकिंग सेक्टर के दरवाजे खुले रहेंगे। यदि आप 10+2 के बाद इस क्षेत्र में प्रवेश करना चाहते हैं, तो क्लर्क लेवल के लिए आवेदन करें। हालांकि कई बैंकों में अब क्लर्क के लिए भी स्नातक आवश्यक योग्यता के रूप में मांगी जाती है। परंतु कुछ विकल्प अभी भी 10+2 के बाद इस पद के लिए उपलब्ध हैं। यदि आप प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में इस क्षेत्र में प्रवेश करना चाहते हैं, तो वाणिज्य से स्नातक करें और प्रवेश जांच परीक्षा में बैठने की रणनीति बनायें।

## बिजनेस मैनेजमेंट

भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था ने जहां एक ओर कॉरपोरेट दुनिया को नया आयाम प्रदान किया, वहीं दूसरी ओर बिजनेस मैनेजरों की भारी मांग ने युवाओं के लिए कैरियर द्वार खोल दिया। 10+2 वाणिज्य के बाद 3 वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम आपको बिजनेस मैनेजमेंट की दुनिया में प्रवेश दिलासकते हैं। इन पाठ्यक्रमों को अलग–अलग विश्वविद्यालय में कई बार अलग–अलग नाम से जाना जाता है, परंतु इनके कोर्स कंटेंट लगभग एक जैसे होते हैं। कहीं इसे बीबीए यानी बैचलर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कहा जाता है, तो कहीं इसे बीबीएमयानी बैचलर इन बिजनेस मैनेजमेंट कहा जाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय में इसे बैचलर इन बिजनेस स्टडीज का नाम दिया गया है। इन पाठ्यक्रमों में स्नातक करने के बाद किसी अच्छे संस्थान से एमबीए करने वाले छात्रों को पीछे मुड़ कर देखने की जरूरत नहीं पड़ती।

## पत्रकारिता

वाणिज्य से पढ़ाई करने के बाद पत्रकारिता के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सपना देखने वाले छात्र बिजनेस स्टैंडर्ड, इंडियन इकनोमी, सीएनबीसी आवाज जैसे चैनलों में रोजगार खोज सकते हैं। इन चैनलों में वाणिज्य के जानकार को आर्थिक या बिजनेस पेज या प्रोग्राम का उत्तरदायी बनाया जाता है।

## कंप्यूटर साइंस

एक समय था जब केवल गणित के छात्र ही इस क्षेत्र में प्रवेश करते थे। समय के साथ बढ़ती मांग को देखते हुए कई विश्वविद्यालय वाणिज्य या आर्ट्स के छात्र को भी इस क्षेत्र में प्रवेश देते हैं। बीसीए यानी बैचलर इन कंप्यूटर अप्लीकेशन के लिए 10+2 पर आर्ट्स, साइंस या कॉमर्स की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन इसी प्रकार के अन्य पाठ्यक्रम जैसे बीएससी (कंप्यूटर साइंस) या बीएससी (आइटी) में प्रवेश के लिए ज्यादातर विश्वविद्यालय 10+2 में गणित मांगते हैं। यदि आपकी रुचि कंप्यूटर साइंस में है, तो निऱ्संकोच बीसीए पाठ्यक्रम को चुन सकते हैं। केवल एक बात का ध्यान रखें कि उक्त पाठ्यक्रम रेग्युलर हो, दूरशिक्षा के अंतर्गत नहीं, अन्यथा आपको पूरा व्यावहारिक ज्ञान नहीं मिल पायेगा, जो इस क्षेत्र में सफल होने का आधार है।





# कॉलेज की ये डिग्रियां आपको दिला सकती हैं सबसे ज्यादा सैलरी

हम सब एक बेहतर नौकरी की तलाश में रहते हैं। जहां हमारी सैलरी बेहतर हो और हमें एक अच्छा लिविंग स्टैंडर्ड मिले, इतना ही नौकरी पाने के बाद हमारा सोसाइटल स्टेटस भी बढ़ जाए। इन सभी बेहतर चीजों के लिए हमें जरूरत होती है, एक बेहतर सैलरी वाली नौकरी। ऐसे में हमें स्कूल पास करते ही यह सोच लेना चाहिए कि हम आगे क्या करना चाहते हैं। ताकि उसी के मुताबिक हम अपने ऊपर काम कर सकें। ऐसे में हमें कॉलेज से उस डिग्री की पढ़ाई करनी चाहिए, जिससे कॉलेज के बाद नौकरी के लिए ज्यादा भटकना ना पड़े। खैर भारत में बेरोजगारी के हालात को देखते हुए यह दावा नहीं किया जा सकता कि कोई कोर्स करके आप निश्चित ही नौकरी पा सकते हैं। पर आप इन कोर्सको करने के बाद थोड़े ही एफर्ट में एक अच्छी सैलरी वाली नौकरी पा सकते हैं तो आइए जानते हैं, कि आखिर कौन से हैं वो कोर्सेज।

## एमबीबीएस, मेडिकल

मेडिकल की शिक्षा को लेकर भारत में सबसे ज्यादा मुकाबला है। एमबीबीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी है'। मुट्ठी भर कॉलेजों के लिए लाखों बच्चे परीक्षा में बैठते हैं। यह डिग्री पूरी कर लेना अपने आप में ही बड़ी बात होती है, क्यों कि आधे से ज्यादा बच्चे कॉलेज के लिए परीक्षा क्वालीफाई ही नहीं कर पाते। यह कोर्स 5.5 साल का होती है मगर इसे पास करने में और भी साल लग जाते हैं। इसके लिए आपको नीट की परीक्षा देनी पड़ती है, अगर आप क्वालिफाई होते हैं तब ही आपको कॉलेज मिलेंगे।

## बीबीए, मैनेजमेंट

ज्यादातर कॉमर्स स्टूडेंट बीबीए का ऑप्शन चुनते हैं। इस कोर्स के साथ करियर बनाने के लिए आपकी मैनेजमेंट की स्किल बहुत अच्छी होनी चाहिए। आज के इस कॉम्पिटेटिव माहौल में हर कंपनी मैनेजर रखना चाहती है, जिस कारण इस कोर्स को पढ़ने से आपकी अच्छी खासी जॉब लग सकती है। यह कोर्स करने के बाद आपको बिजनेस और मैनेजमेंट से जुड़ी हर अहम बात बताई जाती हैं। बीबीए तीन साल का कोर्स होता है, आप को बता दें कि ये कोर्स काफी महंगा है, अगर आप सरकारी कॉलेज निकालते हैं तब तो बजट फ्रेंडली है, मगर प्राइवेट कॉलेज में ये फीस और भी ज्यादा है। पर अगर आपको यहां एक अच्छी प्लेसमेंट मिल जाए, तो आपका करियर सेट हो जाएगा।

## बीटेक, इंजीनियरिंग

आज हर फील्ड में आधुनिकता की जरूरत है, जिस कारण इंजीनियर्स के लिए जॉब हमेशा रहेगी। देश में ही नहीं बल्कि विदेशी मुल्कों में भी भारतीय इंजीनियर्स बड़े–बड़े पदों पर काम करते हैं। अगर आप टेक्निकल फील्ड में इंटरेस्ट रखते हैं तो आपको बीटेक करने के बारे में सोचना चाहिए, हालांकि पिछले कई सालों से प्राइवेट कॉलेज के चलन के कारण इसमें जॉब के लिए और भी ज्यादा कॉम्पिटिशन बढ़ता जा रहा है। अगर आपको आईआईटी या एनआईटी के कॉलेज में पढ़ने का मौका मिलता है, तो ये कोर्स करना आप के लिए फायदेमंद है।

## मर्चेंट नेवी

समुद्र के बीच बड़ी बड़ी नावों में आने जाने वाले समान को सुरक्षित रखने का काम मर्चेंट नेवी का होता है। यह वैश्विक व्यापार की रीढ़ के रूप में काम करता है। यह प्राइवेट कंपनियों और सरकार दोनों के लिए ही काम करता है। आप चाहें तो बारहवीं या ग्रेजुएशन के बाद ही इस जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं। यहां शुरुआती पोस्ट की भी सैलरी 50000 के ऊपर है, जो कई अन्य नौकरियों के मुकाबले काफी ज्यादा है।

## एलएलबी

अगर आपको देश विदेशों के नियम–कानून के बारे में जानने में दिलचस्पी है तो आप लॉ की पढ़ाई कर सकते हैं। जिसके लिए भारत में कई सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह के कॉलेज मौजूद हैं, इस डिग्री को अगर अच्छे कॉलेज से किया जाए, तो सैलरी का पैकेज 8,00,000 सालाना हो। अगर आप एलएलबी कर रहें हैं तो मन लगाकर करें, जिससे जल्द से जल्द नौकरी लगने आसार हों।

# जैनिक सिनर के सामने जोकोविच का मास्टरप्लान फेल

## सेमीफाइनल हुआ एकतरफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोवाक जोकोविच और जैनिक सिनर के बीच सिक्स किंग्स स्लैम 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में जोकोविच की रणनीति पूरी तरह ध्वस्त हो गई। सेर्बियाई स्टार, जो अपनी टैक्टिकल ब्रिलियंस और मानसिक मजबूती के लिए जाने जाते हैं, मैच को लंबा खींचकर सिनर की सहनशक्ति को आजमाने की योजना लेकर आए थे। लेकिन इतालवी खिलाड़ी ने केवल एक घंटे से थोड़ी अधिक में सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से उन्हें हराकर योजना को धराशायी कर दिया।



**एक योजना जो नहीं बन सकी-** हार के बाद जोकोविच ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि उनका मास्टरप्लान सिनर को लंबा और शारीरिक मुकाबला खेलने के लिए प्रेरित करने का पूरी तरह फेल हो गया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा, मैंने कम से कम लंबे मैच की कोशिश की, लेकिन इतालवी खिलाड़ी के स्तर के सामने यह असंभव था। जैनिक सिनर अब जोकोविच के खिलाफ बढ़ती श्रेष्ठता दिखा रहे हैं। उनका हेड-टू-हेड रिकॉर्ड अब 6-4 सिन्नर के पक्ष में है, जिसमें उन्होंने पिछले पांच आधिकारिक मुकाबले जीते हैं। इसके अलावा, जोकोविच ने सिन्नर से 2024 और 2025 के सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी मुकाबलों में भी हार झेली है।

### जोकोविच का हल्का-फुल्का रुख

हार के बावजूद जोकोविच ने अपनी खेल भावना और हास्य दिखाया। रियाद के दर्शकों के सामने उन्होंने मजाक किया- मुझे खेद है कि आप आज लंबा मैच नहीं देख सके, यह उसकी गलती है, मेरी नहीं! उन्होंने सिनर की अविरल ऊर्जा की तारीफ की और बताया कि आखिरी गेम में 0-15 पर उन्हें डराने की कोशिश भी असफल रही। मैं बस टिके रहने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वह बहुत अच्छे थे। उन्हें बधाई और फाइनल में शुभकामनाएं।

हार के बावजूद जोकोविच ने अपने खेल और स्थान का संतुलित मूल्यांकन किया, भले ही किसी ने कोर्ट पर आपको इस तरह हराया हो, लेकिन यह अद्भुत है कि मैं अभी भी उच्च स्तर पर खेल पा रहा हूँ, टॉप 10 और टॉप 5 में। इस हार ने जोकोविच को सिनर की तेजी से बढ़ती क्षमता का एहसास दिलाया और उन्हें अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की चुनौती दी। वहीं, सिन्नर की जीत ने उन्हें टेनिस की अगली प्रमुख ताकत के रूप में मजबूत किया।

## विदेश में होगा आईपीएल ऑक्शन

# दुबई, मस्कट या दोहा में 15 से 18 दिसंबर के बीच नीलामी, 20 मार्च से आईपीएल हो सकता है

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल की नीलामी एक बार फिर विदेश में होगी। 2026 सीजन के लिए होने वाले इस मिनी ऑक्शन का आयोजन 15 से 18 दिसंबर के बीच दुबई, मस्कट या दोहा में से एक शहर में किया जाएगा।यह जानकारी एक सीनियर अधिकारी ने दैनिक भास्कर को दी है। उसने नाम न छापने



की शर्त पर बताया कि पिछले हफ्ते कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इस बार की नीलामी भारत के किसी शहर में होगी। पिछले साल 2024 में आईपीएल का मेगा ऑक्शन सऊदी अरब के जेद्दाह शहर में हुआ था। तब भी भारत में वेन्यू की कमी और लॉजिस्टिक चुनौतियों को वजह बताया गया था।

### मेजबानी की रेस में दुबई सबसे आगे

ऑक्शन के लिए इस बार दुबई, मस्कट और दोहा के नाम चर्चा में हैं। इनमें से दुबई को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि वहां न केवल बीसीसीआई और आईपीएल फ्रेंचाइजियों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है, बल्कि दुबई पिछले कई सालों से भारतीय क्रिकेट बोर्ड वहां कई इवेंट्स सफलतापूर्वक करा चुका है। 2014 में जब आम चुनावों के कारण भारत में आईपीएल के शुरुआती मैच विदेश में कराए गए थे, तब भी यूएई को ही चुना गया था।

## महिला विश्व कप 2025

# सेमीफाइनल की रेस से 3 टीमें बाहर!



### ● भारत की किस्मत बदल सकता है पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और श्रीलंका की मेजबानी में जारी महिला वर्ल्ड कप 2025 के 18वें मुकाबले में शुक्रवार को साउथ अफ्रीका ने अपनी चौथी जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल की दावेदारी ठोस कर ली है। अब बचे हुए दो मैचों में से एक भी जीत प्रोटियाज को अंतिम 4 का टिकट दिलवा सकती है। वहीं श्रीलंका की टीम ने एक भी मैच अभी तक टूर्नामेंट में नहीं जीता है और इस मैच में उसे तीसरी हार मिली। हालांकि, बारिश के कारण रद्द हुए दो मैचों के कारण उसके दो अंक हैं। अब अगर सेमीफाइनल के समीकरण की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया की टीम अपनी जगह पक्की कर चुकी है। वहीं साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल का टिकट हासिल करने की दहलीज पर है। 21 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में ही उसे सेमीफाइनल में एंट्री मिल सकती है। रही बात इंग्लैंड की तो पाकिस्तान के खिलाफ हार से इंग्लैंड बाल-बाल बच गई। अब रविवार को उसका सामना भारत से है। इस मैच में जीत उसे सेमीफाइनल में एंट्री दिलवा सकती है। वरना यह इंतजार 22 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच तक बढ़ सकता है।

### सेमीफाइनल की रेस से 3 टीमें बाहर!

अगर अंक तालिका पर नजर डालें तो बांग्लादेश पांच मैचों में से चार हार के बाद महज 2 अंक लेकर छठे स्थान पर है। तो श्रीलंका की टीम 5 मैचों में से तीन हार और दो बेनतीजा मुकाबलों के बाद 2 अंक लेकर सातवें पायदान पर है।

पाकिस्तान ने 4 में से तीन मुकाबले गंवाए हैं और एक मैच बारिश के कारण रद्द होने की वजह से अंक तालिका में उसका खाता खुला है। अब बांग्लादेश को आखिरी दो मैच भारत और श्रीलंका से खेलने हैं। अगर टीम दोनों मैच भी जीती फिर भी 6 अंक ही हासिल कर पाएगी। मौजूदा हालात के मुताबिक 6 अंक से सेमीफाइनल का क्वालिफिकेशन मुश्किल दिख रहा है।

# गिल ने संभाली कमान

## कहा- रोहित और विराट से सीखना मेरे लिए गर्व की बात

**पर्थ, एजेंसी।** भारत के नए कप्तान शुभमन गिल ने आगामी ऑस्ट्रेलिया तीन-मैच ओडीआई श्रृंखला से पहले अपने विचार साझा किए और कहा कि वे किसी भी कठिन परिस्थिति में वरिष्ठ बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली से सलाह लेने में पीछे नहीं हटेंगे। रोहित और विराट अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया में अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय पारियाँ खेलेंगे, जिसमें पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन ओडीआई मैच शामिल हैं। गिल ने इस साल के शुरुआत में रोहित की टेस्ट कप्तानी की जगह ली थी और अब ओडीआई टीम की कमान भी संभाल रहे हैं। भारत की व्हाइट-बॉल टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा तीन ओडीआई और पांच टी-20 मैचों का है। ओडीआई श्रृंखला का पहला मैच 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि अन्य मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड ओवल और 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में होंगे। इसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला खेली जाएगी, जिसकी कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। गिल ने कहा, वे ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें मैं बचपन से आदर्श मानता रहा हूं। उनका खेल और जीत की भूख मुझे हमेशा प्रेरित करती रही है। उनके जैसा खेलना और उनके अनुभव से सीखना मेरे लिए गर्व की बात है। सीरीज के दौरान भी कई मौके आए जब मैं उनके अनुभव से सीखूंगा और किसी कठिन स्थिति में उनके सुझाव लेने से कभी पीछे नहीं हटूंगा।



### रोहित-कोहली वही खिलाड़ी, जिन्हें बचपन में अपना आदर्श मानता था: कप्तान गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। गिल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे टीम की कमान संभालने जा रहे हैं। कप्तान ने बताया कि वह बचपन से ही रोहित-कोहली को अपना आदर्श मानते थे।शुभमन गिल ऐसी टीम की अगुवाई कर रहे हैं, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे



पूर्व कप्तान मौजूद हैं। इसे आगामी वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी में शुरुआती कदम माना जा रहा है, जो साल 2027 में खेला जाएगा। हालांकि, गिल ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि दोनों वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ उनके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। कप्तान गिल ने पर्थ में खेले जाने वाले पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे लगता है कि बाहर की कहानी अलग है, लेकिन हमारे बीच कुछ भी नहीं बदला है। सब कुछ पहले जैसा ही है। यह बहुत मददगार है।

26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, जो कुछ भी वे महसूस करते हैं, उनका अनुभव, जो कुछ भी उन्होंने सीखा है, चाहे वह पिच को पढ़ना हो या किसी भी स्थिति का सामना करना, मैं उनके पास जाता हूं और पूछता हूं कि वे क्या सोचते हैं।



# शमी ने रणजी मैच में झटके 7 विकेट

## अपने प्रदर्शन से दिया अजीत अगरकर को मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर काफी चर्चा हो रही है। जहां एक तरफ भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर उन्हें अनफिट बता रहे हैं। वहीं शमी ने जो कहा था वो साबित भी कर दिया है। भारतीय पेसर ने रणजी ट्रॉफी 2025 की शुरुआत से पहले ही खुद को एकदम फिट बताया था। उन्होंने अपने प्रदर्शन से यह साबित भी कर दिया है। उत्तराखंड के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने करीब 40 ओवर दोनों पारियों में मिलाकर गेंदबाजी की और 7 विकेट लेकर अपनी फिटनेस को साबित कर दिया। इस तरह कहीं ना कहीं मोहम्मद शमी ने अजीत अगरकर के उन्हें अनफिट करार देने वाले बयान को भी झुठला दिया है। अजीत अगरकर ने कहा था कि शमी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले पूरी तरह फिट नहीं थे। 4 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए स्क्वाड का ऐलान हुआ था और 15 अक्टूबर से वह रणजी ट्रॉफी 2025 में अपनी टीम बंगाल के लिए खेल रहे हैं।

इससे पहले मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी में 5 मैचों में 9 विकेट लेकर उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। आईपीएल में भी वह खेलते नजर आए थे। शमी ने अपने बयान में यह कहा भी था कि अगर मैं आईपीएल खेल रहा हूं, रणजी खेल रहा हूं तो फिट कैसे नहीं हूं। वहीं अगरकर ने साफ-साफ उन्हें अनफिट कहे दिया था और रणजी में उनके प्रदर्शन को ट्रैक करने की बात कही थी। मोहम्मद शमी ने बंगाल के लिए उत्तराखंड के खिलाफ खेलते हुए पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में चार विकेट अपने नाम किए।

## सूर्यकुमार यादव की छिन जाएगी टी20 कप्तानी?

# कहा- हर किसी को डर लगता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर से शुरू हो रही वनडे सीरीज के जरिए शुभमन गिल 50 ओवर्स फॉर्मेट में भारतीय टीम की कप्तानी संभालने जा रहे हैं. शुभमन को रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है. इससे पहले शुभमन टेस्ट टीम के भी कप्तान बनाए गए थे क्योंकि रोहित ने क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था. शुभमन गिल को टेस्ट के बाद वनडे कैप्टेंसी सौंपकर भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में ये युवा बल्लेबाज तीनों ही फॉर्मेट में टीम का नेतृत्व करेगा. शुभमन को वनडे कप्तान बनाने के फैसले ने कुछ फैन्स को चौंकाया ही, टी20 कैप्टन सूर्यकुमार यादव के मन में हल्का-सा डर जरूर पैदा



हुआ. सूर्यकुमार यादव को लगा कि शायद उनका कप्तानी कार्यकाल अब ज्यादा लंबा नहीं बचेगा. शुभमन को वनडे और टेस्ट टीम की कप्तानी मिली ही, उन्हें एशिया कप 2025 में भारतीय टी20 टीम का उप-कप्तान बना दिया गया था. एशिया कप के जरिए शुभमन की एक साल बाद टी20 सेटअप में वापसी हुई. ऐसे में सूर्यकुमार को लगा कि कहीं उनकी टी20 कप्तानी 2026 वर्ल्ड कप से पहले ना चली जाए.

### शुभमन के लिए खुश हूं: सूर्यकुमार यादव

सूर्यकुमार यादव ने एक्सप्रेस अड्डा से कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा. हर किसी को डर लगता है. मगर यह एक ऐसा डर है जो आपको प्रेरित करता है. शुभमन गिल और मेरे बीच मैदान के अंदर और बाहर अच्छी बॉन्डिंग है. मुझे पता है कि वो किस तरह के खिलाड़ी और इंसान हैं. इसी चलते, यह मुझे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है. मैं उनके लिए बहुत खुश हूं कि वो दो फॉर्मेट में कप्तान बन गए हैं. उन्होंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है. सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्होंने इस डर को कमजोरी नहीं, बल्कि मोटिवेशन की तरह इस्तेमाल किया. कप्तान सूर्या का मानना है कि शुभमन गिल के साथ उनका रिश्ता आपसी सम्मान और भरोसे पर टिका है. 30 साल की उम्र के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सूर्या कहते हैं कि वो दबाव में या डरकर खेलने वालों में से नहीं हैं. सूर्यकुमार यादव कहते हैं, अगर मैं डरता तो अपने पहले इंटरनेशनल मुकाबले में जोफ्रा आर्चर की गेंद पर पहला शॉट छक्का नहीं मारता. मैंने बहुत पहले डर को पीछे छोड़ दिया है. मेरा मानना है कि अगर कोई ईमानदारी से मेहनत करे, तो बाकी सब अपने-आप सही हो जाता है. भारतीय टीम एशिया कप 2025 जीतने में सफल रही थी, लेकिन सूर्यकुमार यादव का बल्ले से प्रदर्शन निराशाजनक रहा था.

# 14 चौके, 7 छक्के... 34 गेंद पर ठोक दिया शतक

## महिला क्रिकेट में कभी नहीं हुआ ऐसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट में एक नया इतिहास रचा गया है। किरण नवगिरे ने 17 अक्टूबर को नागपुर में खेले गए सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी मैच में महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए सिर्फ 34 गेंदों में शतक जड़कर महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन के नाम था।

**किरण नवगिरे का कमाल-** उन्होंने 35 गेंदों पर 106 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 14 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत महाराष्ट्र ने 111 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 8 ओवर में 9 विकेट से हासिल कर लिया। यह रिकॉर्ड पहलेसोफी डिवाइन के नाम था, जिन्होंने जनवरी 2021 में वेलिंगटन के लिए ओटागो के खिलाफ 36 गेंदों में शतक बनाया था। नवगिरे की 106 रनों की पारी 302.86 के अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट से आई जिससे वह 300 से अधिक के स्ट्राइक रेट पर शतक बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं।

**किरण ने रच दिया इतिहास-** उन्होंने इस मैच में मुक्ता मगरे के साथ दूसरे विकेट



के लिए 103 रनों की अटूट साझेदारी की जिसमें मगरे ने सिर्फ 6 रन बनाए। महाराष्ट्र का 113 रनों का कुल स्कोर अब महिला टी20 क्रिकेट में सबसे कम टीम स्कोर है जिसमें किसी खिलाड़ी ने व्यक्तिगत शतक बनाया हो।

## डेनमार्क ओपन 2025:

# सत्विकसैराज-चिराग सेमीफाइनल में, लक्ष्य सेन हुए बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के स्टार पुरुष डबल्स खिलाड़ी सत्विकसैराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि लक्ष्य सेन पुरुष सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में सीधे सेटों में हार गए। सत्विक-चिराग की जोड़ी, जिन्होंने इस साल क्क्क्स्त्र वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, ने इंडोनेशिया की अनसीड जोड़ी मुहम्मद रियान आर्दियांतो और रहमत हिदायत को 21-15, 18-21, 21-16 से हराकर 65 मिनट तक चले कड़े क्वार्टरफाइनल में जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी अब अगले क्वार्टरफाइनल के विजेता का सामना करेगी, जिसमें आठवीं सीड चीन की चेन बो यांग और यी लियू या जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जोड़ी होगी। सत्विक-चिराग की जोड़ी ने अपनी शुरुआती दो राउंड में स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर और मैथ्यू ग्रिमले और चीनी ताइपे की ली जे-हुई और यांग पो-ह्सुआन की जोड़ी को हराया था। वहीं, लक्ष्य सेन जिन्होंने गुरुवार को विश्व नंबर दो और स्थानीय पसंद एंडर्स एंटोनसेन को सीधे सेटों में हराकर चौंकाया था, शुक्रवार को सातवीं सीड फ्रांसीसी खिलाड़ी एलेक्स लानियर से 9-21, 14-21 से 44 मिनट में हार गए। पहला सेट फ्रांसीसी खिलाड़ी की पूरी पकड़ वाला रहा, जिन्होंने लगातार पांच पॉइंट लेकर 8-2 की बढ़त बनाई, जबकि लक्ष्य नेट पर संघर्ष करते नजर आए और कई अनफोर्स्ड एरर की।

# रिंकू सिंह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले जड़ा शानदार शतक, टी20 के बाद रेड बॉल क्रिकेट में ठोकी दावेदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टी20 टीम के स्टार फिनिशर और बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने टी20 में कमाल करने के बाद अब रेड बॉल क्रिकेट में भी दावेदारी ठोकी है। रिंकू सिंह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टी20 सीरीज के लिए जाने से पहले रणजी ट्रॉफी 2025 के पहले राउंड में बेहतरीन शतकीय पारी खेली। उन्होंने पहले राउंड के मुकाबले में आंध्र प्रदेश के खिलाफ अपना आठवां फर्स्ट क्लास शतक बनाया। दूसरे राउंड के मैच में रिंकू राष्ट्रीय ड्यूटी के कारण रणजी ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे। 29 अक्टूबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज होगी। रिंकू सिंह की बात करें तो 220 रन पर 6 विकेट गंवाने के बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश की टीम को संभाला। भारतीय खिलाड़ी ने शतक जड़ते हुए विप्रज निगम के साथ 100 से ऊपर की साझेदारी की। फर्स्ट क्लास क्रिकेट यानी रेड बॉल फॉर्मेट में यह उनका 8वां शतक है। रिंकू ने 2016 में रणजी ट्रॉफी डेब्यू किया था। इस मैच में पहले खेलते हुए आंध्र प्रदेश ने 470 रन बनाए थे।



श्री प्रतापराव जाधव
केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री

# शुभ धनतेरसः आरोग्य से समृद्धि की ओर

दिवाली के त्यौहार के आरंभ के प्रतीक धनतेरस के इस शुभ दिन को हम पारंपरिक रूप से समृद्धि, नवीनीकरण और नई शुरुआत के दिन के रूप में मनाते हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, यह दिन समुद्र मंथन यानि ब्रह्मांडीय महासागर के महान मंथन के दौरान देवी लक्ष्मी और देवताओं के वैद्य धन्वंतरि के दिव्य अवतरण का स्मरण कराता है। यह पवित्र दिन केवल भौतिक समृद्धि का ही नहीं, बल्कि इस गहरे सच का भी प्रतीक है कि वास्तविक संपन्नता संपूर्ण कल्याण से ही आती है। संक्षेप में कहें तो, धनतेरस का त्यौहार हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य ही सबसे श्रेष्ठ और सबसे चिरस्थायी धन है।

आयुर्वेद के अथाह ज्ञान के अनुसार, धनतेरस का महत्व त्यौहार से कहीं बढ़कर है। यह मौसम में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तनों के साथ जब हेमंत ऋतु, यानी शीत ऋतु का आरंभ हो रहा होता है उस समय आता है। हमारे प्राचीन ऋषियों के अनुसार इस अवधि को कायाकल्प, विषहरण और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है। इस शुभ दिन से जुड़े पारंपरिक अनुष्ठान, जैसे कि मिट्टी के दीये जलाना और सोने-चांदी के बर्तनों की औपचारिक खरीद, स्वास्थ्य संरक्षण के प्रतीकात्मक और शारीरिक दोनों आयामों को दर्शाते हैं। दीये की प्रज्वलित लौ चेतना के प्रकाश और अज्ञानता के निवारण का प्रतीक है, वहीं अपने उपचार गुणों और शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने की उल्लेखनीय क्षमता के कारण सोना और चांदी जैसी कीमती धातुएं आयुर्वेदिक चिकित्सा में हजारों सालों से महत्वपूर्ण मानी जाती रही हैं।

यह पवित्र दिन अंतरावलोकन, कृतज्ञता और सचेत देखभाल को भी प्रोत्साहित करता है। आयुर्वेद हमें सिखाता है कि तीन मूलभूत जैव-ऊर्जाओं—वात, पित्त और कफ जिन्हें सामूहिक रूप से त्रिदोष कहा जाता है उनका सामंजस्यपूर्ण संतुलन कितना आवश्यक है। इनका संतुलन हमारे जीवन में उत्साह, हमें मजबूत बनाने और हमारी दीर्घायु को सुनिश्चित करता है। जब ये तात्विक शक्तियाँ हमारे शरीर में संतुलन में रहती हैं, तो वे ओजस को जन्म देती हैं, यह तीव्र शक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता और आध्यात्मिक तेज का सूक्ष्म सार है। यह ओजस स्थायी समृद्धि का सच्चा आधार है, जो केवल भौतिक समृद्धि या लौकिक सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है।

आयुर्वेद की धन-संपत्ति की अवधारणा अत्यंत समग्र और बहुआयामी है। यह हमें सरल किन्तु परिवर्तनकारी अभ्यासों के माध्यम से अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में सचेत निवेश करने का निमंत्रण देती हैं। इनमें पौष्टिक मौसमी खाद्य पदार्थों से अपने शरीर का पोषण करना, ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से मन की शांति बनाये रखना, पर्याप्त और आरामदायक नींद सुनिश्चित करना, सौहार्दपूर्ण संबंध बनाना और कृतज्ञता एवं संतोष की भावना को बढ़ावा देना शामिल है। ये केवल औपचारिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि चिर-सम्मानित स्वास्थ्य नुस्खे हैं जो हमारी सहनशक्ति को मजबूत करते हैं, हमारी प्रतिरक्षात्मकता को बढ़ाते हैं, तथा हमारे जीवन में स्थिरता और शांति लाते हैं।

धनतेरस के समय होने वाले मौसमी परिवर्तन के दौरान, आयुर्वेदिक पद्धतियों जैसे अभ्यंग (तेल मालिश), घी और गर्म मसालों का सेवन, योग का अभ्यास, तथा पाचन और मौसमी आहार को अपनाने का एक उपयुक्त अवसर होता है। हजारों वर्षों के अनुभवजन्य ज्ञान पर आधारित ये निवारक उपाय हमें मजबूत और स्वस्थ बनाने और बीमारियों को आने से पहले ही रोकने में मदद करते हैं।

आज के आधुनिक समय में, जहाँ जीवनशैली संबंधी विकार महामारी के रूप में फैल रहे हैं और तनाव से जुड़ी बीमारियाँ लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं, आयुर्वेद का प्राचीन ज्ञान व्यावहारिक, सुलभ और प्रभावी समाधान प्रदान करता है। आयुष मंत्रालय इन पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा में एकीकृत करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है, जिससे हर भारतीय परिवार स्वस्थ हो सके और साथ ही इस अमूल्य ज्ञान को दुनिया के साथ भी साझा किया जा सके।

इस धनतेरस पर, मैं सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक पद्धतियों को अपनाने की हार्दिक अपील करता हूँ। सब लोग संतुलित और मौसमी पोषण को प्राथमिकता दें, नियमित स्व-देखभाल दिनचर्या अपनाएँ, सचेत जीवन जिएँ, निवारक स्वास्थ्य उपाय अपनाएँ, और शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य बनाए रखें। आइए, हम इस पावन पर्व का सम्मान केवल सोना-चाँदी खरीदकर भौतिक समृद्धि प्राप्त करके ही न करें, बल्कि अपनी सबसे मूल्यवान और अपूरणीय संपत्ति-अपने स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की प्रतिबद्धता लेकर भी करें।

अपनी सभ्यता के ज्ञान में निहित इन सरल, किंतु गहरे रूप से प्रभावी और समय-सिद्ध तरीकों को अपनाकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि समग्र कल्याण का दीप्तिमान प्रकाश हमारे घरों को प्रकाशित करे, हमारे परिवारों को स्वस्थ रखे और हमारे समुदायों का उत्थान करे। ऐसा करके, हम न केवल त्योहार के पारंपरिक महत्व का सम्मान करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी भी निभाते हैं।

यह धनतेरस हमारे देश के हर घर में न केवल भौतिक सम्पति बल्कि दीर्घकालिक, सौष्ठव, प्राकृतिक संतुलन, मानसिक शांति और सच्चा आनंद लेकर आए। आइए हम एक ऐसा त्योहार मनाएँ जो वास्तव में शरीर का पोषण करे, मन को ऊर्जावान बनाए और आत्मा का उत्थान करें, जिससे स्वास्थ्य और संपूर्णता की एक अमूल्य विरासत का निर्माण हो सके जो आने वाली पीढ़ियों तक गूंजती रहेगी।

**शुभ धनतेरस!**

## मनोहर लाल से मिले महापौर कुलभूषण गोयल



**पंचकूला ।** पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस सौजन्य भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। महापौर गोयल ने पंचकूला में हाल के वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी और शहर के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने के सुझाव साझा किए। मनोहर लाल ने पंचकूला में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और जनता की भलाई के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान आगामी चुनावों पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिसमें संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने पंचकूला वासियों सहित सभी नागरिकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और समाज में शांति, समृद्धि व सद्भाव की कामना की।

## GRP पुलिस ने नारायणगढ़ में दो अनाथालयों में मनाया धनतेरस, बच्चों संग बांटी खुशियां



**चंडीगढ़ ।** धनतेरस के शुभ अवसर पर एसपी GRP नीतिका गहलोत ने नारायणगढ़ में अपनी टीम के साथ दो अनाथालयों का दौरा किया और वहां रह रहे बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। पुलिस टीम ने बच्चों को मिठाइयां और खिलौने वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उल्लास झलक उठा।

नीतिका गहलोत ने कहा कि यह पहल समाज में संवेदना और जुड़ाव की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है। त्योहारों की असली खुशी तभी है जब हम समाज के उन लोगों विशेषकर ऐसे बच्चों के साथ इसे साझा करें, जिन्हें हमारे प्यार और अपनेपन की सबसे अधिक आवश्यकता हैं। उन्होंने बताया कि जीआरपी टीम द्वारा उन बच्चों की भी मदद की जाती है जो रेलवे स्टेशन पर लावारिस अवस्था में मिलते है। इन बच्चों को सुरक्षित रूप से अनाथालयों में भिजवाया जाता है तथा टीम नियमित रूप से उनकी देखभाल संबंधी जानकारी लेकर उनके पुनर्वास की प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखती है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने बच्चों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत की और उन्हें अच्छे संस्कारों और शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया।

### तरन तारन उपचुनाव

## नामांकन के छठे दिन 14 नामांकन पत्र दाखिल

**चंडीगढ़ ।** पंजाब विधानसभा की 21-तरन तारन सीट के उपचुनाव के लिए नामांकन के छठे दिन 14 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि तरन तारन सीट के लिए आज भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हरजीत सिंह संधू ने दो और नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इससे पहले उन्होंने 17 अक्तूबर को भी नामांकन पत्र दाखिल किया था। सुच्चा सिंह ने उनके कवरिंग उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है। वहीं लीना संधू ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार करनबीर सिंह की कवरिंग उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा अरुण कुमार खुर्मी ने नामांकन दाखिल किया और नेशनलिस्ट जस्टिस पार्टी की ओर से नायब सिंह ने नामांकन दाखिल किया है। जबकि हरपाल सिंह, हरबरिंदर कौर, कोमलप्रीत सिंह, नीटू, विजय कुमार, मंदीप सिंह, निर्मल कौर और जसवंत सिंह ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अक्तूबर है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्तूबर को की जाएगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अक्तूबर 2025 है।

# पंजाब में 'बिल लाओ और इनाम पाओ' योजना के तहत 1 लाख रुपये का तिमाही बम्पर इनाम शुरू होगाः हरपाल सिंह चीमा

● दूसरा पुरस्कार 50,000 रुपये और तीसरा पुरस्कार त्रैमासिक बम्पर ड्रॉ के माध्यम से 25,000 रुपये का होगा। ● सेवा क्षेत्र से संबंधित बिलों के लिए समर्पित तंत्र शुरू किया जाएगा ● योजना की सफलताः अप्रैल से अगस्त 2025 तक 30,769 बिल अपलोड, 1,263 विजेताओं ने जीते 78 लाख रुपये ● योजना की शुरुआत से अब तक 9 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया

**चंडीगढ़ ।** कर अनुपालन में पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने के एक बड़े प्रयास के तहत, पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज राज्य की लोकप्रिय बिल लाओ, इनाम पाओ योजना में महत्वपूर्ण सुधारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस योजना में अब तिमाही बंपर ड्रॉ शामिल होगा, जिसमें जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े नकद पुरस्कार दिए जाएँगे।

यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि प्रत्येक तिमाही के दौरान, इस योजना के प्रतिभागियों को 1,00,000 रुपये का पहला पुरस्कार, 50,000 रुपये का दूसरा पुरस्कार और 25,000 रुपये का तीसरा पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि कर अनुपालन को और सुचारू बनाने के लिए, ÷मेरा बिल÷ ऐप के माध्यम से सेवा क्षेत्र, जैसे कि रेस्टोरेंट, सैलून और बुटीक से संबंधित बिलों के लिए एक समर्पित बिल अपलोडिंग सुविधा और पुरस्कार वितरण प्रणाली भी शुरू की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा, ÷इसके अलावा, उपभोक्ताओं के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए एक रियल-टाइम चैटबॉट भी लॉन्च किया जाएगा और आम जनता तक व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यह ऐप अब अंग्रेजी के साथ-साथ पंजाबी और हिंदी भाषाओं में भी उपलब्ध होगा।÷



बिल लियाओ इनाम पाओ योजना की सफलता पर प्रकाश डालते हुए, वित्त मंत्री

चीमा ने बताया कि अप्रैल से अगस्त 2025 तक कुल 30,769 बिल अपलोड किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 1,263 विजेताओं ने 78,13,715 रुपये की पुरस्कार राशि जीती। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सभी अपलोड किए गए बिलों का कर विभाग द्वारा कड़ाई से सत्यापन किया जाता है और अपलोड किए गए बिलों में पाई गई कमियों के कारण, योजना की शुरुआत से अब तक 9.07 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जिसमें से 7.31 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। सितंबर 2023 में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा शुरू की गई बिल लीजिए इनाम पाओ योजना और इसके लिए लॉन्च किया गया मेरा बिल ऐप, ज़िम्मेदार उपभोक्तावाद और कर अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से है। इस योजना में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीज़ल, विमानन टरबाइन ईंधन और प्राकृतिक गैस, शराब, राज्य के बाहर की खरीदारी और बिज़नेस-टू-बिज़नेस लेनदेन सहित पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित बिल शामिल नहीं हैं। निष्पक्षता और संचालन संबंधी अखंडता सुनिश्चित करने के लिए, केवल पिछले महीने की गई खरीदारी के बिल ही ड्रॉ के लिए पात्र हैं। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने नवीन, पारदर्शी और समावेशी शासन साधनों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और राज्य निवासियों को इस योजना में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### 'युद्ध नशों विरुद्ध'

## 231वें दिन, पंजाब पुलिस ने 717 ग्राम हेरोइन और 44 हजार रुपये की ड्रग मनी के साथ 59 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

### 'डी-एडिक्शन' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 26 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने के इलाज के लिए किया तैयार

**चंडीगढ़ ।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के खात्मे के लिए शुरू की गई व्यापक मुहिम ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ को लगातार 231वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में 322 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल 43 एफआईआर दर्ज कर 59 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही, पिछले 231 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या बढ़कर 33,405 हो गई है।

इन छापेमारियों के दौरान पकड़े गए नशा तस्करों के कब्जे से 717 ग्राम हेरोइन, 557 ग्राम अफीम, 320 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 44680 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। नशे के खिलाफ इस जंग की निगरानी के लिए राज्य सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस अभियान के दौरान 55 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों की 120 से अधिक टीमें राज्यभर में 322 स्थानों पर छापेमारी में शामिल रहीं। दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 323 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। राज्य सरकार ने नशों के उन्मूलन के लिए तीन-आयामी रणनीति - प्रवर्तन, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन लागू की है। 'डी-एडिक्शन' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज 26 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।

## पंजाब विधानसभा स्थगित

**चंडीगढ़ ।** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 174 की धारा (2) की उपधारा (ए) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पंजाब के राज्यपाल द्वारा 16वीं पंजाब विधानसभा, जिसका नौवां (विशेष) सत्र 29 सितंबर 2025 को बुलाया गया था, को इसकी समाप्ति पर अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने घर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**भिवानी ।** जिला पुलिस भिवानी के द्वारा जिले में वाहन चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है जो इसी क्रम में थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने वार्ड नंबर-12 में घर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अनिल निवासी वार्ड नंबर- 12 बवानी खेड़ा ने थाना बवानी खेड़ा पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि दिनांक 10.9.2025 की रात को उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया हुआ था जो सुबह देखने पर पाया कि चोर उनकी मोटरसाइकिल को घर के सामने से चोरी करके ले गए थे जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बवानी खेड़ा में दर्ज किया था।दिनांक 17.10.2025 को अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना बवानी खेड़ा के मुख्य सिपाही ओम प्रकाश ने घर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में आरोपी को माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। *गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रविंद्र पुत्र सज्जन सिंह निवासी रचना अपार्टमेंट जिला पुणे महाराष्ट्र हाल निवासी धनाना-3 के रूप में हुई है।* आरोपी रविंद्र को पेश माननीय न्यायालय में किया गया जहां माननीय न्यायालय ने आरोपी को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं वही अभियोग में अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## थाना सदर पुलिस भिवानी ने गांव चांग में दुकान के पास खड़ी मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिवानी ।** जिला पुलिस भिवानी के द्वारा जिले में वाहन चोरी करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी पुलिस कार्रवाई अमल में लाई जा रही है जो इसी क्रम में थाना सदर पुलिस भिवानी ने गांव चांग में दुकान के बराबर से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

संदीप निवासी चांग ने थाना सदर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि दिनांक 15.09.2025 को उन्होंने अपनी दुकान के साइड में मोटरसाइकिल को खड़ा किया हुआ था जो काम करने के बाद घर जाने के समय देखा तो दुकान के पास से चोर मोटरसाइकिल को चोरी करके ले गए थे जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। दिनांक 17.10. 2025 को अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना सदर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी गुजारनी मोड़ के सहायक उप निरीक्षक सुभाष कुमार ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अजय पुत्र रमेश निवासी धनाना-3 व रविंद्र पुत्र सजन निवासी धनाना-3 जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों को पेश माननीय न्यायालय में किया गया जहां माननीय न्यायालय ने आरोपियों को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं वहीं पुलिस टीम के द्वारा मोटरसाइकिल को पहले ही बरामद किया जा चुका है।

## भिवानी में कोबरा सांप का अनोखा ऑपरेशन, चोट से निकली थी आंत...डॉक्टरों ने कई घंटे मेहनत कर बचाई जान

**भिवानी ।** पशुपालन विभाग के वैटनरी सर्जनों ने एक बेहद चुनौतीपूर्ण आप्रेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देकर एक कोबरा सांप की जान बचाई है। यह सांप चोट लगने के कारण नाजुक हालत में था, क्योंकि उसकी आंत का एक हिस्सा बाहर निकल आया था और सड़ने लगा था। राजकीय पशु चिकित्सालय एवं पालिक्लीनिक भिवानी में हुए इस जटिल आप्रेशन ने सर्जनों की विशेषज्ञता और समर्पण को उजागर किया है। इस बारे वैटनरी सर्जन डॉ. जोनी ने बताया कि कोबरा प्रजाति के इस सांप को गंभीर हालत में राजकीय पशु चिकित्सालय एवं पालिक्लीनिक भिवानी लाया गया था।

## थाना शहर पुलिस भिवानी ने सामान्य अस्पताल भिवानी से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में 02 आरोपीयों को किया गिरफ्तार

**भिवानी ।** जिला पुलिस भिवानी के द्वारा जिले में वाहन चोरी करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है जो इसी क्रम में थाना शहर पुलिस भिवानी ने सामान्य अस्पताल भिवानी से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

दीपक निवासी पालवास ने थाना शहर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि दिनांक 08.09.2025 की शाम के समय शिकायतकर्ता अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए सामान्य अस्पताल भिवानी में आया था जो शिकायतकर्ता के द्वारा मोटरसाइकिल को ओपीडी की पार्किंग में खड़ा किया था वहीं करीब रात 10÷00 बजे देखने पर पाया कि चोर पार्किंग से मोटरसाइकिल को चोरी करके ले गए थे। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना शहर भिवानी में दर्ज किया था।

दिनांक 17.10.2025 को अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना शहर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी दिनोद गेट की महिला मुख्य सिपाही पुनीता ने सामान्य अस्पताल भिवानी से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में दो आरोपीयों को माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार किए गए आरोपीयों की पहचान रविंद्र पुत्र सज्जन निवासी धनाना अजय पुत्र रमेश निवासी धनाना जिला भिवानी के के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपीयों को पेश माननीय न्यायालय में किया गया जहां माननीय न्यायालय ने आरोपीयों को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए हैं वही अभियोग में आरोपी संदीप को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## ये भाजपा सांसद सक्रिय राजनीति से लेंगे संन्यास, बंसीलाल की 3 पीढ़ी को 4 बार चुनाव हरा चुके है

**भिवानी/महेंद्रगढ़,** ।हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद धर्मबीर ने अगला चुनाव नहीं लड़ने की बात कही है।उन्होंने कहा कि वह अब सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लेंगे। नारनौल में शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि बहुत चुनाव लड़ लिए, अब आराम चाहता हूं।इसलिए अगला चुनाव नहीं लड़ना चाहता।पहले लोग 100 साल तक जीते थे।इसलिए हमारे पूर्वजों ने उम्र चार पड़ाव में बांटी थी।25, 50, 75 और 100।उसी अवस्था के हिसाब से उन्होंने काम भी बांट दिए थे।25 में ये करोगे, 50 में यह और 75 में यह काम करोगे।मैं अगले महीने 70 साल का हो जाऊंगा, तो किसी अवस्था में तो रहने दोगे।मेरे ऊपर भी वहीं नियम लागू होने चाहिए, जो पूर्वजों ने लागू किए थे।25 नवंबर को उनकी उम्र 70 साल हो जाएगी। हरियाणा के 3 बार सीएम रहे चौधरी बंसीलाल की 3 पीढ़ी को 4 बार चुनाव हराने का अनूठा रिकॉर्ड चौधरी धर्मबीर सिंह के नाम है।आपको बता दें कि अगला लोकसभा चुनाव यदि निर्धारित समय पर होता है तो उस समय धर्मबीर सिंह 74 साल के होंगे।25 नवंबर 1955 को भिवानी के तालु गांव में जन्मे धर्मबीर सिंह ने 1983 में राजनीति में कदम रखा।



पंजाब विधानसभा स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने आज आम आदमी पार्टी के संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और उन्हें दीपावली तथा बंदी छोड़ दिवस की शुभकामनाएँ दीं।